हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 19 नवंबर 2025



# परीक्षा केंद्र के एंट्री-एग्जिट गेट, गलियारे, कक्षा और लैब में सीसीटीवी अनिवार्य

## सीबीएसई ने जारी किए निर्देश, जिले की सभी सीबीएसई स्कूलों को भी करना होगा पालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सीबीएसई 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी 2026 से शुरू होने वाली है। बोर्ड परीक्षाओं को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी है। इस बार देश-विदेश के करीब 45 लाख से अधिक छात्र सीबीएसई एग्जाम में शामिल होंगे। बोर्ड परीक्षा में ट्रांसपेरेंस और एहतियात के तौर पर सीसीटीवी कैमरों के जरिये लाइव ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग की जाएगी।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने बोर्ड परीक्षा केंद्रों के लिए सीसीटीवी पॉलिसी तैयार की है, जो देश के सभी राज्यों के परीक्षा केंद्रों पर लागू होगी। हर एग्जाम सेंटर पर सीसीटीवी लगाना अनिवार्य होगा। सीसीटीवी पॉलिसी में साफ कहा गया है कि जिन स्कूलों में सीसीटीवी नहीं लगे होंगे, उन्हें एग्जाम सेंटर नहीं बनाया जाएगा। सीसीटीवी के लिए स्कूलों की सहमति भी जरूरी होगी।

### एग्जाम की लाइव होगी कवरेज

सीबीएसई के नियमों के अनुसार स्कूलों को अपने एग्जाम हॉल के एंट्री-एग्जिट गेट, गलियारे, क्लास रूम, लैब में सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य है। इसके अलावा जिस डेस्क पर बैठकर स्टुडेंट्स एग्जाम देंगे, वहां भी सीसीटीवी कैमरा इंस्टॉल करना होगा, ताकि एग्जाम देते समय स्टुडेंट्स की लाइव ऑडियो और वीडियो रिकॉर्डिंग हो सके। पूरी परीक्षा के दौरान एग्जाम की लाइव कवरेज होगी, ताकि जरूरत पड़ने पर किसी भी स्टुडेंट की सीसीटीवी फुटेज निकालकर समीक्षा हो सके।

### खास बातें

- परीक्षा प्रणाली को बेहतर बनाने की दिशा में काम
- जिले में दो दर्जन से अधिक स्कूल, बनेंगे दो से अधिक केंद्र!



### छात्रों को देंगे कैमरे की जानकारी

सीबीएसई ने यह भी कहा है कि स्कूलों को बोर्ड परीक्षा शुरू होने से पहले स्टुडेंट्स को सीसीटीवी कैमरों के बारे में बताना होगा। ग्राफिक्स, टेक्स्ट या संकेतों के जरिये स्टुडेंट्स की हैंडबुक, नोटिस बोर्ड और ओरिएंटेशन के माध्यम से सीसीटीवी इंस्टॉलेशन की जानकारी देनी होगी। सभी स्टुडेंट्स को पता होना चाहिए कि वे सीसीटीवी की निगरानी में है। छात्रों को पारदर्शिता के साथ परीक्षा दिलाने के लिए प्रेरित करते उन्हें बेहतर प्रदर्शन करने के लिए टिप्स स्कूलों द्वारा दिए जाएंगे।

### रिकॉर्ड समय में जारी हुई डेटशीट

सीबीएसई ने इस बार परीक्षा शुरू होने से 110 दिन पहले रिकॉर्ड समय में 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा की डेटशीट जारी की है। सीबीएसई 10वीं परीक्षा 2026, 17 फरवरी से 10 मार्च 2026 तक और सीबीएसई 12वीं परीक्षा 2026, 17 फरवरी से 9 अप्रैल 2026 तक आयोजित की जाएगी। परीक्षाएं विषयों के अनुसार सुबह 10.30 से दोपहर 12.30 बजे और दोपहर 1.30 बजे तक आयोजित की जाएगी। स्ट्डेंट्स सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर डेटशीट चेक और डाउनलोड कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### ट्रक की ठोकर से कार क्षतिग्रस्त

**राजनांदगांव।** लापरवाही से भागती ट्रक ने एक कार को ठोकर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम देवादा स्थित ढाबा के पास लापरवाही से भागती ट्रक ने कार को ठोकर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना की रिपोर्ट आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेन्द्र कुमार ने दर्ज कराई है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### माय एंगल




## जिले में लगेंगे दो करोड़ बारदाने, आधे नए-आधे पुराने से होगी खरीदी

# फटे-पुराने बारदाने उपलब्ध करा रहे मिलर्स, धान खरीदी में आ रही दिक्कतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धान खरीदी की प्रक्रिया में जहां सॉफ्टवेयर सही तरीके से काम नहीं करने के चलते दिक्कतें सामने आ रही है। वहीं अब किसानों से की जा रही खरीदी में पुराने बारदाने भी समास्या का कारण बन रहे हैं। मिलर्स द्वारा जमा कराए जा रहे बारदाने कहीं फटे निकल रहे हैं तो कहीं पर उनकी गुणवत्ता बेहद ही खराब देखने को मिल रही है। जिसके चलते खरीदी के बाद बारदाने से धान नीचे गिर रहा है और वजन में अंतर देखने को मिल रहा है।

उल्लेखनीय है कि सरकार द्वारा इस बार धान खरीदी के लिए शुरूआती दौर पर आधे नए और आधे पुराने बारदाने का उपयोग करने कहा गया है। जिले में 9 लाख से अधिक नए बारदाने भी समितियों तक पहुंचा दिए गए हैं। वहीं लगभग पांच लाख नग पुराने बारदाने मिलर्स और पीडीएस से लिए जाने की बातें कही जा रही है। मिलर्स जो बारदाने समितियों तक पहुंचा रहे हैं, उनमें अधिकांश बारदाने खरीदी योग्य भी नहीं है। ऐसे में खरीदी प्रक्रिया में बड़ी दिक्कतें सामने आ रही है।



### अपील: बैंक से राशि निकलाते समय बरते सतर्कता

धान बिक्री के बाद बैंक से राशि निकालते समय जेब-कतरों, छिनैती व लूट की घटनाएं बढ़ जाती हैं, जिसे लेकर सतर्कता बरतने की अपील पुलिस ने नागरिकों से की है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि अकेले बड़ी राशि निकालते समय विश्वसनीय परिजन व मित्र को साथ ले जाएं। बैंक से पैसा निकालकर रास्ते में किसी को भी राशि न दिखाएं और न ही बातचीत में इसकी जानकारी दें। यदि संभव हो तो राशि को एक बार में पूरी न निकालें, किस्तों में निकालना अधिक सुरक्षित है।बैंक से निकलते ही मोबाइल पर कॉल न करें और आसपास के माहौल पर ध्यान रखें। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, वाहन, गतिविधि को तुरंत अपने थाना प्रभारी को सूचना दें। पुलिस ने बैंक अधिकारी-कर्मचारियों को भी हिदायत दी है कि बैंक के बाहर खड़े अनजान व्यक्तियों या संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत सूचना पुलिस को दें। बैंक परिसर में सीसीटीवी सही स्थिति में रखें और प्रवेश, निकास पर निगरानी बढ़ाएं। बड़ी राशि निकालने वाले ग्राहकों को सावधानी संबंधी सलाह दें। पुलिस ने ग्राम स्तर पर भी अपील की है कि कोटवार, सरपंच, सचिव और ग्राम स्तर के समूह अपने-अपने गांव में नियमित जागरूकता संदेश चलाएं।

### एक बोरे में 40 किलो भर्ती

ज्ञात हो एक क्विंटल धान के लिए ढाई बारदाना की आवश्यकता होती है। हर एक बारदाने में 40 किलो धान को भरा जाता है। मिलर्स द्वारा दिए गए फटे बारदाने में 40 किलो धान भरकर खरीदा तो जा रहा है, लेकिन बारदाने में छेद से धान नीचे गिर रहा है। जिसके चलते उसका वजन प्रभावित हो रहा है।

### लगेंगे दो करोड़ बारदाने

मिली जानकारी के अनुसार इस बार जिले में कुल 76 लाख क्विंटल धान खरीदने का लक्ष्य तय किया गया है। प्रति क्विंटल ढाई बारदाने के अनुसार जिले में ही खरीदी के लिए लगभग दो करोड़ नग बारदाने की आवश्यकता होगी। पहले चरण में 9 लाख नए बारदाने और 5 लाख पुराने बारदाने से खरीदी शुरू कर दी गई है। आने वाले दिनों में नए बारदाने उपलब्ध होने पर समितियों तक पहुंचाए जाएंगे।

### तीन दिनों में 82 हजार क्विंटल खरीदी

मंगलवार तक तीन दिनों में अविभाजित राजनांदगांव जिले में कुल 1.28 लाख क्विंटल धान की खरीदी कर ली गई है। इनमें 80 हजार क्विंटल धान मंगलवार को खरीदा गया। जिलेवार आंकड़ों की बात करें तो राजनांदगांव जिले में अब तक 1753 किसान से 82258 क्विंटल, खैरागढ़ जिले में 755 किसान से 43720 क्विंटल और मोहला-मानपुर जिले में 66 किसान से 2400 क्विंटल धान लिया जा चुका है।

# 47 ग्राहकों की किश्त गबन, फाईनेंस बैंक का पूर्व मैनेजर हुआ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



फाइनेंस बैंक के ग्राहकों का किश्त वसूली कर गबन कर लिए जाने की जांच करते पुलिस ने पूर्व बैंक मैनेजर को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत आवेदक डिकेश्वर साहू 29 साल निवासी ग्राम इंदामरा शाखा प्रबंधक न्यू ऑपर्चुनिटी कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड (उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक डोंगरगांव) द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि पूर्व ब्रांच मैनेजर भूषण कुमार सिन्हा द्वारा ब्रांच मैनेजर रहते हुए 01 जनवरी 2024 से 20 अगस्त 2024 तक कुल 47 ग्राहकों से कुल 4,60,036 रुपए किश्त एकत्र कर वसूली की गई। रकम को ग्राहक के ऋण कार्ड खाता व मोबाइल एप्लीकेशन में अपडेट नहीं कर वसूली की गई रकम को स्वयं गबन कर हेराफेरी करते ग्राहकों व बैंक के साथ धोखाधड़ी किया गया, रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### पुलिस ने की कार्रवाई

जो कुल 47 ग्राहकों द्वारा जमा किया गया रकम कुल 4,60,036 रुपए को उनके ऋण बुक (पासबुक) में एंटी नहीं कर ग्राहकों से वसूल किया गया। रकम को गबन कर खाने-पीने व जुआ-सट्टा में खर्च कर दिया हूं बताया। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। कार्रवाई में निरीक्षक कृष्णा पाटले थाना प्रभारी, सहायक उपनिरीक्षक अनिल यादव, आरक्षक अजमेर खान, आशाराम ध्रुव, भगत सिदार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### रायपुर में पकड़ाया आरोपी

इस मामले में डोंगरगांव पुलिस टीम गठित कर आरोपी की पतासाजी हेतु रवाना हुआ। पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि भूषण कुमार सिन्हा पचपेड़ी नाका रायपुर में उपस्थित है, जिस पर पुलिस स्टाफ पचपेड़ी नाका रायपुर पहुंचकर आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में लेकर थाना डोंगरगांव लेकर आए। जिससे विस्तृत मेमोरंडम कथन लिया गया।

# दुकान से चोरी, 3 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दुकान का ताला तोड़कर गल्ले में रखे नगदी रकम को चोरी कर लिए जाने के मामले में जांच पड़ताल करते पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार चिचोला पुलिस चौकी चिचोला में प्रार्थी श्यामसंदर साहू निवासी लाल बहादुर नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि श्रीराम जालीतार के नाम से संचालित दुकान में 29 अक्टूबर को रात्रि करीबन 12 से 1.30 बजे के मध्य दुकान का ताला तोड़कर गल्ले में रखे 1 लाख 20 हजार रुपए को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध कायम कर आरोपी का पता तलाश किया जा रहा था। इस मामले में पुलिस चौकी चिचोला व सायबर सेल द्वारा संदिग्ध मोबाइल धारकों से पूछताछ व सीसीटीवी फुटेज एव तकनीकी साक्ष्य के आधार पर आरोपी चंद्रप्रकाश वर्मा 26 साल निवासी हीरापुर थाना डोंगरगढ़, तुफान साहू 19 साल निवासी श्यामनगर नागपुर व उत्तम साहू 20 साल निवासी श्याम नगर नागपुर महाराष्ट्र को हिरासत लिया गया।

### कटर मशीन, नगदी जब्त

पूछताछ पर लाल बहादुर नगर के सोलर फैंसिंग के ताले को कटर मशीन से काटकर दुकान गल्ले में रखे 1 लाख 20 हजार रुपए को चोरी करना स्वीकार किया। घटना में प्रयुक्त एक्टीवा, होंडा साईन कटर मशीन व 2 नग मोबाइल, नगदी रकम 5000 रुपए जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय डोंगरगढ़ के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया।

# कॉम्बिंग गश्त, 18 बदमाशों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण हेतु रात्रि में विशेष काम्बिंग गश्त की गई। पुलिस ने 18 गुंडा-बदमाश, वारंटी, गांजा तस्कर और शराब तस्करों को चेक घर उनकी गतिविधियों की जानकारी लिया। इस दौरान असामाजिक तत्वों में हड़कंप मचा रहा।

थाना डोंगरगढ़ क्षेत्र में पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में अपराध नियंत्रण और असामाजिक गतिविधियों पर नकेल कसने के उद्देश्य से डोंगरगढ़ पुलिस ने बीती रात विशेष काम्बिंग गश्त निकाली।

**50 से अधिक पुलिसकर्मी हुए शामिल**

अभियान का नेतृत्व नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक ने किया। उनके साथ एसडीओपी आशीष कुंजाम, थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष जायसवाल, चिचोला चौकी प्रभारी निरीक्षक योगेश पटेल, पुलिस लाइन से निरीक्षक उपेंद्र शाह और मोहरा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक सुमन खरे सहित 50 से अधिक पुलिस अधिकारी-कर्मचारी शामिल थे।

### आधी रात तक चली गश्त

पुलिस के अनुसार देर रात 10.30 बजे से लेकर 02 बजे तक चली इस कार्रवाई में पुलिस टीमों ने कश्मीरी, दंतेश्वरी, बोधीपारा, बुधवारीपारा, कालकापारा और अछोली इलाके में सघन जांच अभियान चलाया। गश्त के दौरान पुलिस ने 18 गुंडा-बदमाश, वारंटी आरोपियों, गांजा तस्करों और शराब तस्करों को चेक किया। मोहल्लों और संवेदनशील मार्गों पर पुलिस ने घर-घर दस्तक देकर संदिग्ध गतिविधियों की पड़ताल की और अपराधियों से जुड़े इनपुट भी एकत्र किए।


आवश्यकता है

ज़िंदगी का बेस्ट डिसिज़न!™

जैन मोटर्स अधिकृत विक्रेता जॉन डियर इंडिया प्राईवेट लिमिटेड को निम्न पद हेतु अनुभवी व्यक्तियों की आवश्यकता है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेल्स मैनेजर | | 2. डोंगरगांव | 2 पद |
| 1. अंबागढ़ चौकी | 1 पद | 3. छुरिया | 2 पद |
| 2. चिचोला | 1 पद | 4. अंबागढ़ चौकी | 4 पद |
| सेल्समेन | | मैकेनिक- | |
| 1. गंडई | 3 पद | 1. गंडई | 1 पद |

संपर्क स्थल : जैन मोटर्स स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़

ब्रांच - रायपुर नाका चौक, भारत साइकिल स्टोर के बगल में, राजनांदगांव.

9977184777, 8120006476, 9827953976


## जल अवार्ड में मिले दो पुरस्कार, कलेक्टर-सीईओ ने लिया पुरस्कार

# जल संरक्षण: राष्ट्रपति के हाथों जिले का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव के लिए आज अत्यंत हर्ष का दिन रहा, जब राष्ट्रीय जल मिशन कार्यक्रम अंतर्गत राजनांदगांव जिले को एक साथ दो राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के कर कमलों से यह सम्मान प्रदान किया गया।

राजनांदगांव जिला, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय जल पुरस्कार प्रतियोगिता में विभिन्न चरणों के निरीक्षण, पर्यवेक्षण एवं मूल्यांकन के बाद ईस्ट जोन का बेस्ट जिला चुना गया। यह पुरस्कार जिले के कलेक्टर जितेंद्र यादव एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुरूचि सिंह ने प्राप्त किया।

### जल संचय पर मिला 2 करोड़ का पुरस्कार

उसी कार्यक्रम में जल संरक्षण एवं जनभागीदारी के क्षेत्र में किए गए सराहनीय प्रयासों के लिए राजनांदगांव को छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों के साथ 2 करोड़ रुपए का जल संचय से जनभागीदारी प्रोत्साहन पुरस्कार भी प्रदान किया गया। यह उपलब्धि वर्ष 2022 में प्रारंभ किए गए मिशन जल रक्षा के सफल क्रियान्वयन का परिणाम रही है। जिसमें जिले के नागरिकों, महिलाओं, स्वयंसेवी संस्थाओं, उद्योगपतियों और जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



### महिला समूहों ने चलाई थी मुहिम

सेंट्रल ग्राउंड वाटर बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार जिले के तीन विकासखंड भू-जल स्तर के मामले में सेमी-क्रिटिकल जोन में हैं। जिले में 85 प्रतिशत भू-जल सिंचाई, 13 प्रतिशत घरेलू उपयोग और 2 प्रतिशत औद्योगिक उपयोग में हो रहा है। तेजी से गिरते जल स्तर को देखते जिले ने व्यापक रणनीति के साथ जल शक्ति अभियान-कैच द रेन मोर गांव मोर पानी के अंतर्गत मिशन जल रक्षा-नारी शक्ति से जल शक्ति की शुरूआत की।

### भू-जल रिचार्ज के लिए तकनीकी नवाचार

जिले में किए गए प्रमुख नवाचार-रिचार्ज सॉफ्ट बोरवेल एवं सेंड फिल्टर तकनीक द्वारा असफल बोरों में रिचार्ज का प्रयास, परकुलेशन टैंक में इंजेक्शन वेल तैयार कर वर्षाजल को सीधे वाटर टेबल से जोड़ना, नए बोरवेल के साथ इंजेक्शन वेल का निर्माण, पहाड़ी क्षेत्रों में रिचार्ज संरचनाएं और लो-लाइन क्षेत्रों में जल संरक्षण संरचनाएं, संरचनाओं की मरम्मत, संधारण एवं जीआईएस-आधारित योजना निर्माण, इन कार्यों में 70 प्रतिशत से अधिक महिलाओं की भागीदारी दर्ज की गई। सेंट्रल ग्राउंड वाटर बोर्ड रायपुर द्वारा जीआईएस पद्धति को प्रमाणित करते तकनीकी प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया।


जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा।

भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप



### नशामुक्ति का संकल्प

**जालबांधा।** स्थानीय कॉलेज में नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता ने किया। उन्होंने नशे के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला तथा छात्रों से नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इसके पश्चात प्राध्यापक संजय देवांगन ने नशा मुक्त भारत अभियान के की महत्व एवं सरकारी प्रयासों की जानकारी दी। इस अवसर पर सभी विद्यार्थी, प्राध्यापक तथा कर्मचारियों ने नशामुक्त भारत बनाने की शपथ ली। इस अवसर पर प्राध्यापक डॉ नवीन राजपूत, रितेश बंजारे, रवि चतुर्वेदी, पूजा देवांगन, डॉ साधना देवांगन, मासूम वर्मा, नेमू साहू, शिवम वैष्णव, वासु दुबे, अश्विन गौतम, अंजलि एवं नेलम दीवान उपस्थित थे।



**अर्जुनी।** नवीन शासकीय महाविद्यालय अर्जुनी में 18 नवंबर को प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर के तत्वावधान में नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष टामेश्वर साहू, सरपंच ललिता साहू, उपसरपंच नागेश धनकर, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष दिनेश साहू तथा जनभागीदारी सदस्य भैयालाल साहू शामिल हुए। प्राचार्य ने शपथ दिलाते हुए कहा कि युवाओं में राष्ट्र शक्ति निहित है जिसे नशा मुक्त करना हमारा संकल्प होना चाहिए। उन्होंने कहा कि नशामुक्ति की शुरूआत स्वयं से होना चाहिए। इस दौरान अतिथि व्याख्याता डॉ.संजूसिंह, डॉ.काव्या जैन, डॉ. हेमलता विरदी, कंचन साहू, हरवंश चौरगे, ओमप्रकाश सहारे, हिमानी साहू, योगिता ठाकुर, मोनिश खान, चंद्रकांत कुंभकार,ज्ञानेश्वर प्रसाद देवांगन, कामेश देवांगन आदि उपस्थित थे।

### बुढ़ानछापर में मनाया बचपन उत्सव दिवस



**टाटेकसा।** बाल दिवस के अवसर पर एसबीआई फाउंडेशन, एसबीआई एसजी ग्लोबल तथा शिखर युवा मंच के तत्वावधान में प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला बुढ़ानछापर में बचपन उत्सव दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बाल दिवस के ऐतिहासिक महत्व से की गई।पं. जवाहरलाल नेहरू के बाल प्रेम, उनके योगदान तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास के प्रति उनके दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान विद्यार्थियों के लिए सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। बच्चों ने समूह गीत, नृत्य, कविता वाचन, चित्रकला, स्लोगन लेखन, खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### बाल मेला का हुआ शानदार आयोजन

**खड़गांव।** न्यू ग्रीन वैली इंग्लिश मीडियम स्कूल खडगाँव में बाल दिवस का भव्य आयोजन किया गया। स्कूल प्रबंधन और कर्मचारियों के सहयोग से बच्चों ने उत्कृष्ट नृत्य, नाटक, भाषण और अंग्रेजी वक्तव्य का शानदार प्रदर्शन किया। बाल मेला में छात्रों ने फ़ूड स्टॉल लगाकर स्वयं द्वारा बनाए गए विभिन्न व्यंजनों को बेचा। कार्यक्रम में छात्रों और उनके अभिभावकों ने भाग लिया।

---

### खेल प्रेमियों और नगर अध्यक्ष ने प्रशासन का जताया आभार

# मैदान से हटे जीर्ण शीर्ण क्वार्टर, बड़ी स्पर्धा के आयोजन का रास्ता खुला

## खिलाड़ियों की सालों पुरानी मांग हुई पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

नगर के एक मात्र खेल मैदान का रकबा बढ गया है। नगर पंचायत की पहल पर कलेक्टर ने खेल मैदान में पांच दषक पूर्व बने कर्मचारी आवास को डिस्पेंटल करने का आदेश दिया था। आदेश का परिपालन करते हुए शनिवार को खंडहर हो चुके क्वार्टर को गिरा दिया गया जिससे मैदान का क्षेत्रफल बढ़ गया है। इस कार्रवाई के साथ खिलाड़ियाडियों की पुरानी मांग पूरी हो गई है।

जानकारी के अनुसार नगर के एक मात्र खेल मैदान के आसपास कर्मचारियों के जीर्णशीर्ण आवास होने से प्रतियोगिताएं कराने में आयोजको को परेशानियों का सामना करना पड़ता था। कई सालों से स्थानीय खिलाड़ी खडंहर में तब्दील हो चुके क्वार्टरों को हटाने की मांग कर रहे थे। पिछले चार- पांच महिने से नगर अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने मैदान का रकबा बढाने एवं खिलाडियो की मांग को पूरी करने के लिए प्रयास कर रहे थे। नगर अध्यक्ष की मांग पर दो महिने पहले कलेक्टर ने निरीक्षण कर जर्जर भवन को हटाने की प्रक्रिया पूरा करने कहा था। प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने शुक्रवार को जर्जर क्वार्टरों को डिस्पेंटल करने का निर्देश दिया था। शनिवार को नगर पंचायत ने जर्जर कर्मचारी भवन को जमीदोल कर दिया। नगर अध्यक्ष मानिकपुरी ने सीएमओ विजय पांडेय, उपयंत्री योगेश्वरसिंह ठाकुर की उपस्थिति में जर्जर क्वार्टर को गिरवा दिया।



### कलेक्टर का जताया आभार

मैदान से जर्जर आवास हटाने पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने कलेक्टर तुलिका प्रजापति एवं एसडीएम डॉ हेमेन्द्र भूआर्य सहित जिला प्रषासन का आभार ज्ञापित किया। नगर अध्यक्ष ने कहा कि नगर के एक मात्र खेल मैदान को स्टेडियम का स्वरूप देने तथा मैदान में सभी तरह के खेलो के आयोजन, खिलाडियो को सुविधाए देने के लिए जर्जर भवन को हटाया जाना आवश्यक था। उन्होंने कहा कि अब मैदान के एक हिस्से में स्थित कुछ और जर्जर क्वार्टर को भी हटाना शेष है। इन क्वार्टरो को हटाने के बाद खेल मैदान सर्वसुविधायुक्त हो जाएगा। यहां हर तरह के आयोजन संभव हो जाएंगे। यहां स्टेडियम के साथ इंडोर स्टेडियम, पेवेलियन का निर्माण संभव हो जाएगा।

### खेल संघ और खिलाड़ियों की हुई बैठक

मैदान का रकबा बढने के बाद रविवार को विभिन्न खेल संघो के पदाधिकारियों एवं खिलाड़ियों की बैठक हुई। बैठक में खिलाड़ियों ने क्वार्टर हटाने के लिए कलेक्टर, एसडीएम एवं नगर अध्यक्ष का धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक में शीतकालिन छुटटी एवं जनवरी में अन्तर्राज्यीय डयूस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता कराने का निर्णय लिया। बैठक में विमल यादव, उज्जवल कौशिक, नरेश यादव, मानिक सिन्हा, बंटी यादव, रविन्द्र ठाकुर, नरेन्द्र यादव, पोषण सिन्हा, रवि मिश्रा, गनपत पटेल, जबलून तिग्गा, भीम नायक, आदित्य, राहुल ताम्रकार, राहुल कुंभकार, नीतेश खंडेलवाल, शिखर वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

---

# सड़क पर फैली गिट्टी से छात्र हो रहे परेशान



- पीडब्ल्यूडी नहीं कर रहा जीर्णोद्धार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

फव्वारा चौक से कोहका की ओर जाने वाली सड़क से कालेज, शिशु मंदिर, हायर सेकेंडरी स्कूल और पूर्व माध्यमिक शाला के हजारों बच्चे गुजरते है। इन बच्चों को लोक निर्माण विभाग की घोर उदासीनता के कारण उखड़ी गिट्टी और बोल्डर पर कदम रखते हुए शैक्षिणक संस्था पहुंचना पड़ रहा है। यह स्थिति पिछले दो- तीन सालों से बनी है किंतु बेपरवाह हो चुका विभाग नवीनीकरण कराने में कोताही बरत रहा है। डोंगरगांव- चौकी मार्ग पर स्थित फव्वारा चौक से कोहका की ओर जाने वाली सड़क जगह-जगह उखड़ गई है। सड़क पर गहरे गड्ढे होने के साथ गिट्टी बोल्डर उखड़ कर बिखर गए है। बारिश के दिनों में गड्ढों में पानी भर जाता है जिससे छात्रों के अलावा कोहका सहित अन्य ग्रामों के ग्रामीणों को परेशानी होते रही है। बारिश के बाद मरम्मत के नाम पर गड्ढों में डाली गई गिट्टी और बोल्डर उखड़ कर पूरी सड़क में फैल गए है। कालेज, हायर सेकेंडरी स्कूल, शिशु मंदिर, पूर्व माध्यमिक शाला के सैकड़ों छात्र छात्राओं को प्रतिदिन जर्जर हो चुकी सड़क से सफर करते हुए स्कूल, कालेज पहुंचना पड़ रहा है।

### बेपरवाह प्रशासन

अनुभाग मुख्यालय का पूरा प्रशासन बेपरवाह हो गया है जिसके चलते प्रमुख आवाजाही वाली सड़क की मरम्मत नहीं हो पा रही है। सड़क का जीर्णोद्धार कराने में शहर के जनप्रतिनिधि भी पंगु साबित हो रहे हैं।

---

# शिविर में 179 हुए लाभान्वित



**टाटेकसा।** ग्रामीणों तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने के लिए खैरबाना में गत दिनों एसबीआई फाउंडेशन, एसबीआई एसजी ग्लोबल एवं शिखर युवा मंच के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य, अस्थि रोग एवं जनरल जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ सरपंच सुखचंद कंवर, सचिव भूपेश साहू, मायाराम निर्मलकर, तोरण जमुलकर, बंशीराम कंवर, अंजनी कंवर, गीतन कंवर, रानी विश्वकर्मा, दिलीप ताम्रकार, पुष्पा ताम्रकार, संतराम ने दीप प्रज्वलित कर किया। स्कूल की बच्चियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य अनीता मंडावी शामिल हुई। स्वास्थ्य शिविर में 12 गांवों के 179 ग्रामीणों ने लाभ प्राप्त किया। इस दौरान 102 हितग्राहियों की लैब जांच किया गया। शिविर में डॉ पंकज शर्मा, डॉ एलके साहू, डॉ ईश्वर यादव, नर्स सुरुचि ताम्रकर, हेमप्रकाश मरकाम, हेमल शर्मा आदि ने सेवाएं दी। इस दौरान संजीवनी टीम के जिला समन्वयक योगेश चौहान, शिव डहरे, शशि साहू, डालेश्वर उईके, आशीष साहू, निखिल सहारे मौजूद थे।

# सड़क अतरिया में रबी फसल किसान गोष्ठी आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

- पीएम के कार्यक्रम का होगा प्रसारण

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत आत्मा एवं उपसंचालक कृषि विभाग द्वारा बुधवार को ग्राम सड़क अतरिया में रबी फसल किसान गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में किसानों को पीएम के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया जायेगा। विभाग के अधिकारियों द्वारा रबी फसलों की जानकारी, बोआई का तरीका, खाद, दवा एवं बेहतर उत्पादन करने के गुण बताया जायेगा। जानकारी मुताबिक कल योजना अंतर्गत किसान सम्मान निधि की 21 वीं किस्त किसानों के खाते में हस्तांतरित किया जायेगा।

# सोसायटियों में बढ़ी धान की आवक

## नहीं दिख रहा कर्मचारियों की हड़ताल पर असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुज्जी

कर्मचारियों की हड़ताल के बाद विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारियों ने सेवा सहकारी समितियों का कामकाज संभाल लिया है। समितियों में अधिकारियों की तैनाती के बाद धान की आवक बढ़ने लगी है। कई केंद्रों में समिति अध्यक्षों की मौजूदगी में धान खरीदी सुचारु रूप से किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार स्थानीय सेवा सहकारी समिति में 18 नवंबर से खरीदी प्रारंभ हुई। पहले दिन 26.8 क्विंटल धान की खरीदी की गई। खरीदी की शुरुआत समिति अध्यक्ष तखतराम सोनकर की उपस्थिति में केंद्र प्रभारी अभिषेक गुप्ता ने की। किसान हेमंत साहू, कमल नारायण साहू, कृपा राम और गंगाराम सोनकर ने पहले दिन अपना धान बेचा। इसी प्रकार गिदर्री समिति में अध्यक्ष हृदयराम चंद्रवंशी एवं पटवारी हरिचंद ठाकुर के संचालन में 27 क्विंटल धान खरीदा गया।



संबलपुर समिति में अध्यक्ष कपिल बघेल व केंद्र प्रभारी माधवेंद्र कुर्रे की देखरेख में 64 क्विंटल धान की खरीदी हुई। वनांचल क्षेत्र की उमरवाही सेवा सहकारी समिति में धान की आवक बड़ी है। पहले दो दिन कुल 1073 क्विंटल धान की खरीदी अध्यक्ष कौशल चंद्रवंशी और प्रभारी पटवारी रेवाराम चंद्रवंशी की उपस्थिति में की गई। सेवा सहकारी समिति गोडलवाही में कपिल बघेल और केंद्र प्रभारी पटवारी वीरेंद्र साहू की मौजूदगी में दो दिनों में 202 क्विंटल धान खरीदा गया। सेवा सहकारी समिति रतनभाट के अध्यक्ष नीलकंठ साहू एवं केंद्र प्रभारी पटवारी ईवाराम भुवार्य ने बताया कि 17 एवं 18 नवम्बर को कुल 1384 क्विंटल धान खरीदा गया।

### पंजीयन की समस्या से किसान परेशान

कई केंद्रों में किसान यह कहते दिखाई दिए कि पंजीयन की प्रक्रिया लंबित रहने से उन्हें खरीदी केंद्रों का चक्कर लगाना पड़ रहा है। अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि पंजीयन और सत्यापन को तेज किया जाएगा।

# वनांचल में धान खरीदी केंद्रों का देवराज किशोर ने लिया जायजा

- बकरकट्टा, रामपुर सल्हेवारा सोसायटी का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

जिले में धान खरीदी की सुस्त रफ्तार और किसानों की बढ़ती परेशानी को देखते हुए जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष देवराज किशोर ने बुधवार को वनांचल क्षेत्र का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान वे बकरकट्टा रामपुर सल्हेवारा धान खरीदी केंद्र पहुंचे, जहां स्थिति बेहद चिंताजनक पाई गई।

बताया गया कि बकरकट्टा रामपुर केंद्र में अब तक एक दाना भी



धान नहीं पहुंचा है, जिससे किसान लगातार परेशान हैं। मौके पर मौजूद किसानों ने अध्यक्ष देवराज किशोर के सामने अपनी समस्याएं रखीं। किसानों का कहना है कि खाली केंद्र और प्रक्रिया शुरू न होने से उनके कटे हुए धान की ढेरी गांवों में ही पड़ी है, जिससे खराब होने का खतरा बढ़ गया है। धान खरीदी को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे ने कहा कि सरकार की निष्क्रियता के चलते आज किसान परेशान है पूरे छेत्र में अतिवर्षा के कारण किसानों की हालत खराब हो गई है। देवराज किशोर ने सभी किसानों की शिकायतें सुनकर आश्वासन दिया कि धान खरीदी में हो रही देरी और अव्यवस्था की जानकारी उच्च अधिकारियों तक पहुंचाई जाएगी तथा जल्द समाधान कराया जाएगा। दौरे में किसान नेता कोमल साहू, सज्जाक खान, राजेंद्र मेरावी, नामदेव पटेल, सुरेंद्र, चंद्रभूषण यदु, जयराम मंडावी सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# संड़ी में साढ़े आठ सौ क्विंटल धान की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

धान उपार्जन केन्द्र संड़ी में मंगलवार की दोपहर धान खरीदी का शुभारंभ हो सका। मंगलवार को भी सिस्टम अपडेट नहीं होने तथा सर्वर कमजोर होने के कारण धान खरीदी की प्रक्रिया शुरू नहीं हो पा रही थी। केन्द्र में सुबह से टोकन प्राप्त किसान अपना धान लेकर कतार में लगें थे। इसकी जानकारी होने के बाद दोपहर 3 बजे अनुविभागीय अधिकारी केन्द्र पहुंचे तथा धान खरीदी की सिस्टम को चालू कराया गया। तब कहीं जाकर खरीदी शुरू हो पाई। यहां धान खरीदी के पहले दिन 8 किसानों से 861 क्विंटल धान की खरीदी किया गया। वनांचल क्षेत्र पैलीमेटा में भी मंगलवार को किसानों का धान समर्थन मूल्य पर खरीदी का श्रीगणेश किया गया। सुबह से किसान वाहन में धान लेकर केन्द्र पहुंचे थे। जिनका फोटो ग्राफी के बाद अंदर प्रवेश दिया गया। यहां भी सर्वर एवं सिस्टम में समस्या बनी रही। जिसे दूरूस्त कर खरीदी शुरू किया गया।



---

## जयंती समारोह में महाराज सहस्त्रबाहु की पूजा-अर्चना

# महापौर ने भवन निर्माण की पहल करने का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हैहैयवंशी कसेर समाज ने श्रद्धा और उल्लास के साथ महाराज सहस्त्रबाहु की जयंती मनाया। समाज के वरिष्ठों, महिलाओं, युवाओं तथा बच्चों की उपस्थिति में मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव, विशिष्ट अतिथि अंबागढ़ चौकी की पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष विद्या ताम्रकार, नगर निगम सभापति वर्षा शरद सिन्हा, हैहैयवंशी कसेर समाज के अध्यक्ष लेनिन कसार, सचिव नीलेश हरिहारनो, महिला मंडल अध्यक्ष सुनीता हरिहारनो ने महाराज सहस्त्रबाहु की पूजा अर्चना कर तस्वीर पर माल्यार्पण किया। शुभारंभ के बाद पदाधिकारियों ने महाराज सहस्त्रार्जुन के शौर्य, त्याग, न्यायप्रियता तथा समाज उत्थान के आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने बताया कि महाराज सहस्त्रबाहु भारतीय संस्कृति के महान क्षत्रिय प्रतापी राजा थे, जो सदैव धर्म और सत्य के मार्ग पर चले।






### दो नए पद सृजित

महिला मंडल के कार्यक्रमों में सहयोग हेतु 2 नए पद सृजित करते हुए बहु मंडल में अध्यक्ष विनीता हरिहारनो एवं युवा मंडल अध्यक्ष उज्जवल कसेर को सर्व सम्मति से चुना गया। अंत में दिवंगत ईश्वरी प्रसाद हरिहरनो को श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। सामूहिक प्रसादी वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस मौके पर सपना भरतद्वाज, पिंकी हरिहारनो, ममता हरिहारनो, शशि हरिहारनो, राजकुमारी हरिहारनो, सुनंदा, मुक्ता, रजनी, पूजा, प्रियंका, अंजू, बरखा कसार, विजेता, अनिता हरिहारनो, लता, सरस्वती हरिहारनो, पूजा हरिहारनो, नीपा, ज्योति हरिहारनो, आरती हरिहारनो, रेखा हरिहारनो आदि बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### भजनों की प्रस्तुति

इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भजनों की प्रस्तुतियाँ दी गईव। समाज के प्रतिभावान बच्चों का सम्मान किया गया। इस मौके पर समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम के आयोजन से समाज को एकजुट करने, संस्कृति को संरक्षित करने और नई पीढ़ी को गौरवशाली इतिहास से परिचित कराने का मौका मिलता है। महापौर मधुसूदन यादव ने समाज के वर्षों से लंबित सामाजिक भवन निर्माण के मांग पर सहमति जताते हुए शीघ्र भवन निर्माण विधानसभा अध्यक्ष एवं सांसद के सहयोग से कराने की घोषणा की।

# गांव को कचरा मुक्त बनाने अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ टाटेकसा

स्वच्छ भारत अभियान के तहत भालूकोना में एसबीआई फाउंडेशन, एसबीआई एसजी ग्लोबल एवं शिखर युवा मंच के तत्वावधान में कचरा मुक्त गांव अभियान को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। स्वच्छता के लिए कार्यशाला, स्वच्छता रैली, स्वच्छता संकल्प समारोह एवं स्वास्थ जांच शिविर का आयोजन किया गया। गांव में एमएमयू टीम ने कचरा मुक्त गांव कार्यक्रम का आयोजन कर ग्रामीणों को सूखा एवं गीला कचरा अलग करने, सफाई रखने के बारे में समझाया। कूड़ेदान का वितरण कर स्वच्छता शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में अरुण मंडावी, सुनीता उसेंडी, इंद्राबाई, संतराम उसेंडी, देवाजी टेकाम, गुलाबसिंह मंडावी, शंकर मंडावी, संजीवनी टीम के जिला समन्वयक योगेश चौहान, डॉ ईश्वर यादव, शशि साहू, डालेश्वर उईके, आशीष साहू, निखिल सहारे आदि मौजूद थे।

जिला - राजनांदगांव छ.ग

**ज्ञापन**

उत्त. प्र.क्र.- 09/2025 श्रवण तिथि 10/12/2025
प्रोसेस नम्बर :-87/25
खेमचंद वगैरह.... आवेदक/ वादी
// विरुद्ध //
शाखा प्रबंधक SBI वगैरह... अनावेदक / प्रतिवादी
बनाम— आम जनता, जिस किसी का हित हो

आवेदकगण के द्वारा शाखा प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक वगैरह के विरूद्ध इस न्यायालय में आवेदन पत्र पेश किया गया है। फिरूराम आवेदकगण के पिता है, जिनकी मृत्यु दिनांक 19.12.2022 को हो चुकी है। स्व. फिरू राम बीडी श्रमिक था जिसमे भविष्य निधि की राशि जमा होती थी। स्व. फिरूराम के भविष्य निधि में कुल 42,000/- रूपये जमा है जिसे आवेदकगण प्राप्त करना चाहते है। जिस हेतु भविष्य निधि एवं पेंशन विभाग रायपुर के द्वारा आवेदकगण को सक्षम न्यायालय से उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। अतः आपत्ति ईस्तहार का प्रकाशन किया जा रहा है, तथा अपेक्षा की जा रही है कि जिस किसी को आपत्ति हो, न्यायालय मे पेशी दिनांक 10/12/2025 को प्रातः 11:00 बजे आवेदन का उत्तर देने के लिए, इस न्यायालय मे स्वंय या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा हाजिर हो सकते है जिन्हे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस दावे संबंधित सारवान तथ्यों का उत्तर दे सके, या जिसके साथ कोई व्यक्ति हो जो ऐसे प्रश्नो का उत्तर दे सके, आपको यह भी निर्देश दिया है कि आप उस दिन सभी दस्तावेजो को पेश करे जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है।

आप को सूचित किया जाता है कि आप अथवा आपका प्लीडर उपर बताई तारीख को इस न्यायालय मे हाजिर नही होंगे तो दावे की सुनवाई और उसका अवधारण आपकी अनुपस्थिति मे किया जावेगा, यदि किसी कारणवश उक्त पेशी तारीख को सार्वजानिक अवकाश घोषित किया जाता है या यदि किसी कारणवश कार्य स्थगित किया जाता है तो अगले कार्यदिवस पर प्रकरण की सुनवाई की जावेगी।

अतः आज तारिख 13/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

**(श्रीमती दीप्ति लकड़ा)**
**व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी डोंगरगढ़**
मुहर **जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप



### देवांगन ने कार्यकर्ताओं को दिया प्रशिक्षण

**खैरागढ़।** प्रदेश कार्यालय के निर्देश पर विधायक यशोदा वर्मा की उपस्थिति में सेक्टर प्रभारियों के लिए एसआईआर प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। प्रशिक्षण मनराखन देवांगन द्वारा सरल, स्पष्ट और प्रभावी तरीके से दिया गया, जिसमें ब्लॉक के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रशिक्षण के दौरान उन्होने बताया कि आगामी समय में बीएलए की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होने वाली है इसलिए प्रत्येक बीएलए को अपने-अपने बूथ क्षेत्र में घर घर संपर्क अभियान चलाने और मतदाताओं को बीएलओ के साथ फॉर्म भरने में सहायता करने की जिम्मेदारी निभानी होगी ताकि कोई भी पात्र मतदाता नाम सूची से वंचित न रहे। इस दौरान गोलू पाल, उमेश वर्मा, राजेंद्र तिवारी, सत्यवान वर्मा, नित्यशरण सिंह, अल्ताफ अली, संदीप सिरमौर, पुरषोत्तम वर्मा, धन्नू वर्मा, दानी जंघेल, खुमान वर्मा, देवेंद्र पाल तोड़े, चंदन वर्मा, कोमल वर्मा, संतोष वर्मा, दीपक देवांगन, अवध राम वर्मा, पूरन सारथी, अरुण भारद्वाज, अजय देवांगन सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

### स्कूल में बाल मेला



**खड़गांव।** स्वामी आत्मानंद स्कूल में आनंद मेला का आयोजन किया गया जिसका छात्र छात्राओं और पालकों ने भरपूर आनंद उठाया। आनंद मेला में बच्चों ने लाजवाब व्यंजनों के स्टाल लगाए थे। पालकों ने लजीज व्यंजनों का स्वाद लिया। स्कूल प्रबंधन ने जबरदस्त व्यवस्था की थी जिसकी तारीफ सभी लोगों ने किया गया। अंत में प्राचार्य ने सभी छात्र छात्राओं और पालकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### अवैध शराब बिक्री, एक गिरफ्तार

**गंडई पंडरिया।** गंडई पुलिस ने 17 नवंबर की रात ग्राम लिमो में मुखबीर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को अवैध रूप से शराब बेचते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान विष्णु महिलांगे (36 वर्ष), निवासी लालपुर के रूप में हुई है, जो अपने ठेले पर शराब बेच रहा था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 30 पौवा देशी प्लेन शराब और बिक्री के 300 रुपए जब्त किए, जिसका कुल मूल्य 2,700 सौ रुपये है। विष्णु महिलांगे के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे हिरासत में लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### संकुल समन्वयकों की बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार संकुल समन्वयकों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कक्षा पहली से पांचवीं तक के विद्यार्थियों के लिए निपुण भारत गाईड लाइन व एफएलएन दक्षताओं के आधार पर तथा कक्षा 6वीं से 8वीं तक के विद्यार्थियों के लिए मासिक सिलेबस के आधार पर मिड लाइन आकलन की रूपरेखा तैयार करने के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि बच्चों का यह मिड लाइन आकलन 18 नवंबर को जिलेभर में संपन्न कराया जाएगा तथा आकलन रिपोर्ट तैयार कर 26 नवंबर को समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली शालाओं को सम्मानित किया जाएगा तथा आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी। बैठक में मास्टर ट्रेनर्स एवं सीएसीएस के साथ आकलन से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश साझा किए गए। साथ ही आकलन प्रक्रिया सुचारू एवं पारदर्शी रूप से संपन्न कराने शालाओं को ओएमआर शीट्स का वितरण किया गया।

## तीन साल बाद लौटेगी आज से खैरागढ़ महोत्सव की रौनक

# तीन दिन सजेगी गीत संगीत की महफिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

संगीत नगरी में तीन साल बाद सीएम विष्णुदेव साय की उपस्थिति मे खैरागढ़ महोत्सव की रौनक लौटने जा रही है। खैरागढ़ महोत्सव 2025 का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में सांसद संतोष पांडे करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. (डॉ.) लवली शर्मा करेंगी। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक श्रीमती भावना बोहरा उपस्थित रहेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती प्रियंका खम्हन ताम्रकार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह उपस्थित होंगे। कार्यक्रम की शुरुवात सायं 4 बजे से की जाएगी। अपरिहार्य कारणों से मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष का खैरागढ़ आगमन स्थगित हो गया है जिसके कारण यह परिवर्तन किया गया है। पारंपरिक संगीत, कला और सांस्कृतिक गतिविधियों से सजे महोत्सव में अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय और छत्तीसगढ़ी कला-संस्कृति का शानदार प्रदर्शन होगा, जिसमें विवि के छात्र-छात्राओं की कला प्रतिभा प्रदर्शित की होगी। शुभारंभ बाद पहले दिन संगीत विवि के लोकसंगीत और कला संकाय विभाग की प्रस्तुति होगी। इसके बाद प्रो. बेंजामिन बून अमेरिका और कुलपति डॉ. लवली शर्मा द्वारा प्रतिध्वनि पूरब से पश्चिम तक का सांगीतिक कार्यक्रम प्रस्तुत होगा। इसी दिन अमेरिका के पं. गौरीशंकर कर्मकार का तबला वादन, उपशास्त्रीय गायन में वृंदावन के आस्था गोस्वामी और बालोद के लोक सांस्कृतिक दल सोनहा बादर की प्रस्तुति होगी। पूरे परिसर की विद्युत झालरो से सजावट की गई है।



**प्रो. डॉ. लवली शर्मा सुप्रसिद्ध सितार वादक**

प्रो डॉ लवली शर्मा सुप्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय सितार वादक,संगीत-विदुषी एवं संगीत चिकित्सक हैं। आप देश की प्रथम महिला सितार वादक हैं जिन्हें डी.लिट्, की उपाधि प्राप्त हुई। 13 पुस्तकों की लेखिका डॉ. शर्मा ने 15 से अधिक देशों में सितार वादन कर भारत का प्रतिनिधित्व किया है साथ ही 25 से अधिक शोधार्थियों का सफल निर्देशन किया है। संगीत-चिकित्सा के क्षेत्र में अमूल्य योगदान देते हुए आपने आजन्म कारावास के कैदियों को संगीत चिकित्सा देकर 2003 में विश्व का अपनी तरह का प्रथम सफल प्रयोग किया।

### इनकी होगी प्रस्तुति

संगीतकार और सैक्सोफोन वादक बेंजामिन बून आयरलैंड, घाना और मोल्दोवा में यूएस. फुलब्राइट स्कॉलर रह चुके हैं। उनका संगीत समकालीन शास्त्रीय, जैज और बहुसांस्कृतिक परंपराओं का संगम है। उनकी संगीतरचनाओं का प्रदर्शन 35 से भी अधिक देशों में हुई हैं जिन्हें 18 प्रमुख पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। इसके अतिरिक्त वे 28 रिकॉर्डिंग्स में शामिल हैं तथा उन पर नेशनल पब्लिक रेडियो तथा जर्मन रेडियो की कई रिपोर्ट प्रकाशित हुई हैं। वर्तमान में कैलिफ़ोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी, फ्रेस्नो में प्रोफेसर हैं।

### प्रतिष्ठित मंचों में प्रस्तुति दे रही आस्था गोस्वामी

विदुषी आस्था गोस्वामी किराना घराने की प्रतिष्ठित गायिका हैं, जिन्होंने आई.टी.सी. संगीत अनुसंधान अकादमी, कोलकाता में पं. अरुण भादुड़ी और पद्म विभूषण श्रीमती गिरिजा देवी के सान्निध्य में संगीत प्रशिक्षण प्राप्त किया। बीस वर्षों से अधिक समय से वे भारत और विदेश में प्रतिष्ठित मंचों पर प्रस्तुति दे रही हैं। उन्हें सुरमणि उपाधि और संगीत परंपरा रत्न सम्मान प्राप्त हैं। पंडित संखा चटर्जी के शिष्य पंडित गौरीशंकर कर्मकार ऑल इंडिया रेडियो के टॉप-ग्रेड तबला वादक हैं और पिछले तीन दशकों से विश्वभर में प्रस्तुति दे रहे हैं। उन्होंने 2008 में ऑस्टिन अमेरिका में स्कूल आऊफ इंडियन परक्यूशन एंड म्यूजिक की स्थापना की। उनके वादन में फ़र्रुखाबाद, पंजाब और दिल्ली घरानों की अनूठी सम्मिलित शैली दिखाई देती है।

## सड़क दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल

### अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया




गंडई से राजनांदगांव रोड पर ठंढार चौक के पास यादव होटल के आगे 17 नवंबर की शाम एक सड़क दुर्घटना में कबीरधाम जिले का युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को डायल 112 की मदद से तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) गंडई पहुंचाया गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर लिया है। थाना गंडई से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस को शाम करीब 7 बजकर 45 मिनट में दुर्घटना की सूचना मिली। दुर्घटना शाम लगभग 6 बजकर 30 मिनट को गंडई-राजनांदगांव रोड पर हुई थी। प्रारंभ में घायल की पहचान नहीं हो पाई थी, लेकिन बाद में उसके मोबाइल फोन से आए एक कॉल के माध्यम से उसके रिश्तेदार से संपर्क किया गया। घायल की पहचान दुर्गेश पटेल (उम्र लगभग 23 वर्ष), निवासी ग्राम बिरूटोला, थाना कवर्धा के रूप में हुई है। दुर्गेश पटेल अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 09 जेडी 8699 से नर्मदा गंडई की ओर से आ रहा था।

### बाइक सवार को मारी टक्कर

सूत्रों के अनुसार अज्ञात वाहन के चालक ने तेज और लापरवाही से वाहन चलाते हुए सामने से दुर्गेश पटेल की मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। इस टक्कर के कारण दुर्गेश पटेल के सिर में गंभीर चोट आई है और खून निकला है। साथ ही उनके दोनों पैरों और बाएं हाथ की उंगली के पास भी खरोंच और चोटें आई हैं। जिस पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 281 और 125(अ) के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश की जा रही है।

## प्रभारी सचिव ने किया उपार्जन केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



जिले में धान खरीदी कार्य की वास्तविक स्थिति का जायजा लेने प्रभारी सचिव शिखा राजपूत तिवारी ने ब्लाक के जालबांधा, सलोनी, अमलीपारा, गाड़ाडीह, बाजार अतरिया और भोरमपुर कला धान उपार्जन केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया।

उन्होंने प्रत्येक केंद्र में पहुँचकर खरीदी प्रक्रिया, तौल व्यवस्था, गुणवत्ता परीक्षण, नमी मापन और किसानों के लिए की गई व्यवस्थाओं का विस्तृत अवलोकन किया। इस दौरान श्रीमती तिवारी ने किसानों से सीधी बातचीत करते हुए उनकी समस्याओं और केंद्रों की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी ली। किसानों ने बताया कि सभी उपार्जन केंद्रों में खरीदी प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो रही है और उन्हें तौल से लेकर गुणवत्ता परीक्षण सहित बारदाने की उपलब्धता तक किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ रहा है। किसानों ने यह भी कहा कि केंद्रों में पारदर्शिता बनी हुई है और कर्मचारियों का व्यवहार सहयोगपूर्ण है। प्रभारी सचिव ने निरीक्षण दौरान केंद्र संचालकों को खरीदी के प्रत्येक चरण को समयबद्ध और पारदर्शी रखकर किसानों को सर्वोत्तम सुविधाएँ देने का निर्देश देते हुए कहा कि किसानों की सुविधा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही या देरी की स्थिति को तुरंत दूर किया जाए साथ ही उन्होंने अधिकारियों को केंद्रों की सतत निगरानी रखने और खरीदी संबंधी सभी प्रक्रियाओं को सुचारू बनाए रखने कहा। इस दौरान कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, जिंप सीईओ प्रेमकुमार पटेल, अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर, एएसपी नितेश कुमार गौतम, डिप्टी कलेक्टर रेणुका रात्रे, जिला खाद्य अधिकारी भुनेश्वर चेलक सहित अन्य अधिकारी व किसान उपस्थित थे।

## नगर पंचायत गंडई पर अवैध फ़्लेक्स मामले में चुप्पी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया




स्थानीय नगर पंचायत गंडई की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। बस स्टैंड और नगर पंचायत के बीच मे स्थित महामाया मोबाइल के संचालक बालकिशन नामदेव ने दुकान के बाजू स्थित सरस्वती इलेक्ट्रॉनिक्स के संचालक भीखम राजपूत के ख़िलाफ़ अवैध अतिक्रमण की लगातार शिकायतें की हैं, लेकिन जानबूझकर इस मामले पर मौनव्रत धारण किए हुए है।

शिकायतकर्ता बालकिशन नामदेव ने लिखित आवेदन में स्पष्ट किया है कि नगर पंचायत और बस स्टैंड के बीच स्थित सरस्वती इलेक्ट्रॉनिक्स के संचालक ने अपनी दुकान के बाहर बने सामूहिक चबूतरे पर विशालकाय अवैध फ़्लेक्स और बैनर लगाकर उनकी दुकान को पूरी तरह से ढक दिया है। ग्राहकों के आने जाने के लिए बने चबूतरे को ब्लाक कर दिया है। यह सीधा-सीधा व्यापारिक नुकसान पहुंचाने और सार्वजनिक जगह पर अवैध कब्ज़ा करने का मामला है। शिकायतकर्ता का सीधा आरोप है कि अवैध फ़्लेक्स के कारण उनकी दुकान ग्राहकों को दिखाई नहीं देती, जिससे उनका व्यापार लगभग चौपट हो गया है।

### प्रशासन की निष्क्रियता

सूत्रों की माने तो यह कृत्य सरकार को बदनाम करने की नीयत से किया जा रहा है। शिकायतकर्ता बालकिशन नामदेव अब प्रशासन की इस निष्क्रियता से पूरी तरह हताश और नाराज हैं। उन्होंने सीधा आरोप लगाया है कि नगर पंचायत के अधिकारियों का यह रवैया, सत्ता और सरकार को जानबूझकर बदनाम करने की नीयत से किया जा रहा प्रतीत होता है। अगर छोटे दुकानदारों की वैध शिकायतों पर कार्यवाही नहीं की जाएगी, तो आम जनता का वर्तमान सरकार से विश्वास उठना तय है।

### अब सीधे कलेक्टर-आयुक्त के दरवाज़े दस्तक

स्थानीय प्रशासन से न्याय की उम्मीद छोड़ चुके शिकायतकर्ता अब आर-पार की लड़ाई के मूड में हैं। अगर जल्द ही अवैध फ़्लेक्स नहीं हटाए गए, तो वे तत्काल जिला कलेक्टर, आयुक्त (दुर्ग संभाग) और नगर निगम/पालिका के संयुक्त निदेशक को दस्तावेज़ी प्रमाणों के साथ शिकायत करेंगे।

### नोटिस जारी किया जाएगा

जल्द ही सम्बंधित दुकानदार को नोटिस जारी किया जाएगा और अवैध फ्लेक्स नही हटाने पर कार्यवाही किया जाएगा।

- **अविनाश देवांगन,** मुख्य नगर पंचायत अधिकारी

### आवेदनों के बाद नोटिस तक नहीं

यह मामला इसलिए भी जरूरी हो गया है क्योंकि महामाया मोबाइल और अन्य पीड़ित दुकानदारों ने मिलकर इस अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए तीन से चार बार नगर पंचायत के सामने गुहार लगाई है। हर बार सिर्फ़ झूठा आश्वासन दिया गया और आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। सूत्रों की मानें तो, इतनी गंभीर और बार-बार की गई शिकायत के बावजूद, सम्बंधित अतिक्रमणकारी को एक औपचारिक नोटिस तक जारी नहीं किया गया है! प्रशासन का यह रवैया सरकारी मनमर्जी से कम नहीं, जहां शिकायतकर्ता न्याय के लिए ठोकरें खा रहा है और अतिक्रमणकारी मजे से नियम तोड़ रहा है।

## 51 फीट ऊंचे तिरंगे से सजेगा विवि का प्रवेश द्वार और चौक

**खैरागढ़।** कला और सभ्यता की धरती कहे जाने वाले संगीत नगरी में इस बार महोत्सव राष्ट्रीय भावनाओं के असाधारण उल्लास से ओतप्रोत होगा। हमर खैरागढ़ हमर तिरंगा के संकल्प को साकार करते हुए आत्मनिर्भर खैरागढ़ अभियान तहत नागरिक एकता मंच द्वारा सालो से ध्वजारोहण की परंपरा को इस वर्ष भव्य और ऐतिहासिक स्वरूप देने की तैयारी है।

गौरतलब है कि 2021 से अम्बेडकर चौक और संगीत विवि के मुख्य प्रवेश द्वार पर मंच द्वारा 51 फीट ऊँचा तिरंगा फहराया जा रहा है। इस परंपरा को अब महोत्सव का अभिन्न अंग बनाया जा रहा है। मंच संयोजक उत्तम कुमार बागड़े ने बताया कि महोत्सव के शुभारंभ पर चौक में 51 फीट ऊँचे तिरंगे का ध्वजारोहण किया जाएगा। इस प्रस्ताव को लेकर मंच सदस्यों ने कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा से मिलकर अपनी बात रखी जिसे कुलपति सहर्ष स्वीकार करते हुए कहा कि महोत्सव का शुभारंभ राष्ट्रभक्ति की गरिमा और 51 फीट ऊँचे तिरंगे की शान के साथ हो। इस दौरान अनुराग तुरे, समसुल होदा खान, नितेश जैन, गोविन्द सोनी, मंगल सारथी, वंदना टांडेकर, नीलम राजपूत, अमीन मेमन, आकाश तिवारी, ज़हीन खान सहित अन्य मौजूद थे। 19 नवंबर सुबह 8.30 बजे कुलपति बतौर मुख्य अतिथि तिरंगा फहराएंगी।

## हीरक जयंती में शामिल हुई कुलपति



**खैरागढ़।** इंदिरा कला संगीत विवि से संबद्ध भातखंडे संगीत महाविद्यालय बिलासपुर के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में हीरक जयंती का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा ने महाविद्यालय के स्मारिका समर्पण का विमोचन किया। जिसके बाद देश के विभिन्न प्रांतों से पहुंचे सुधि कलाकारों के द्वारा शास्त्रीय गायन, वायलिन वादन की प्रस्तुति दी गई। मुख्य अतिथि कुलपति ने कहा कि अवसर को बहुत सुखद बताते हुए कहा कि भातखंडे संगीत महाविद्यालय ने अपना शानदार 75 साल पूरा कर लिया है। उन्होने अपने शिक्षक और प्रशासनिक कार्यों का अनुभव साझा किया और कहा कि महाविद्यालय की बेहतरी के लिए हम निरंतर प्रयासरत हैं, जल्द ही यहां की समस्याओं को दूर करेंगे। कुलपति ने बताया कि स्कूलों में संगीत शिक्षा की अनिवार्यता को लेकर उन्होंने स्कूल शिक्षा मंत्री से चर्चा की हैं साथ ही महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों में बेहतर शिक्षा व्यवस्था के साथ ही अन्य विषयों को लेकर चर्चा हुई हैं। इस अवसर पर भातखंडे संगीत महाविद्यालय प्राचार्य ममता चक्रवर्ती, विप्लव चक्रवर्ती सहित बड़ी संख्या में संगीत प्रेमी उपस्थित थे।



## सार समाचार

### बाल व एफएलएन मेला का आयोजन

**राजनांदगांव।** शासकीय हाई स्कूल सहसपुर दल्ली में बाल मेला एवं एफएलएन मेला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सहसपुर दल्ली सरपंच ज्योति भुवन गंधर्व शामिल हुए। ग्राम के पोषण साहू, पंच प्रेमलाल सिन्हा, संकुल प्राचार्य मीरा वर्मा ने एफएलएन मेला का अवलोकन किया। कार्यक्रम में हाईस्कूल के स्टाफ संकुल समन्वयक अवधराम वर्मा, विनोद कुमार अलमोरे, उपेन्द्र कुमार साहू, जितेन्द्र कुमार हिरवानी, मोहम्मद इकबाल खान एवं एफएलएन प्रभारी शबनम खान उपस्थित रहे।



### अतिथि व्याख्यान माला आयोजित



**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के भूगोल विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। विषय विशेषज्ञ के रूप में कमला कॉलेज की डॉ. निवेदिता ए. लाल एवं डॉ. जय सिंह साहू उपस्थित रही। संस्था प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन में भूगोल विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान माला का आयोजन हुआ। एमए भूगोल तृतीय सेमेस्टर की छात्रों को डॉ. निवेदिता ए लाल ने जैव भूगोल के अंतर्गत पादप अनुक्रमण विषय पर चर्चा की। छात्रों को डॉ. जयसिंह साहू ने अधिवास भूगोल के अंतर्गत ग्रामीण नगरी उपांत विषय पर सारगर्भित व्याख्यान दिए। साथ ही छत्तीसगढ़ सामान्य अध्ययन पर प्रकाश डाले। कार्यक्रम में नरेंद्र साकरे एवं डॉ. एस. जेनामनी ने अपना विचार रखें। इस अवसर पर अतिथि प्राध्यापक डॉ. केएस गुरुपंच, डॉ. श्रद्धादेवी साहू, पराग सोनवाने, किशोर बंजारे एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. श्रद्धादेवी साहू व आभार प्रदर्शन डॉ. कुबेर सिंह गुरुपंच ने किया। अंत में व्याख्यान माला की सफलता के लिए प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता द्वारा बधाई दी गई।

### विस अध्यक्ष रमन का दावा निकला सच : अजय

**राजनांदगांव।** जिला भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के पदाधिकारी जिला मीडिया प्रभारी एवं नमो ग्रुप फाउंडेशन के पूर्व जिला अध्यक्ष अजय देशलहरे ने बिहार चुनाव में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की जीत पर प्रसन्नता व्यक्त की है। अजय ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में सभी 243 सीट के नतीजों को लेकर छतीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का दावा सच निकला। उन्होंने मीडिया से कहा था कि एक्जिट पोल में राजग की जीत के अनुमानों से भी बढ़कर हमारी जीत होगी।



### रामनगर में गूंजी लोककथा भरथरी की धुन

**राजनांदगांव।** खुमान संगीत अकादमी द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त लोक गाथा "धुन" भरथरी का भव्य आयोजन रामनगर में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण लोक गायक भरथरी पप्पू कलिहारी ने अपनी सुमधुर और भावपूर्ण प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान खुमान साव संगीत अकादमी के संस्थापक गोविंद साव और संरक्षक मुरली शरण दास वैष्णव की उपस्थिति ने आयोजन की महत्ता को और बढ़ाया। मंच पर तबला वादक गिरधारी पटेल ने अपनी अद्वितीय ताल-लय से माहौल को जीवंत बनाया। तामेश्वर साहू ने बेजो वादन के माध्यम से लोकधुनों में नई ऊर्जा भर दी। इसके साथ ही रागी चुम्मन पटेल की पारंपरिक शैली में प्रस्तुत राग ने पूरे कार्यक्रम में सांगीतिक माधुर्यता का विशिष्ट रंग भर दिया।



### रिया बीए एलएलबी में गोल्ड मेडलिस्ट

**राजनांदगांव।** संस्कारधानी की होनहार छात्रा रिया शुक्ला ने मणीपाल विश्वविद्यालय जयपुर राजस्थान से बीए एलएलबी में प्रथम स्थान अर्जित कर गोल्ड मेडलिस्ट रही। रिया शुक्ला सनसिटी निवासी व्याख्याता शरद - श्रीमती अंजली शुक्ला की सुपुत्री है। प्रारंभ से ही होनहार छात्रा के रूप में इन्होंने अपनी पहचान बनाई है। इन्होंने प्रारंभिक शिक्षा राजनांदगांव जिला मुख्यालय स्थित एनपीएस और डीपीडी रिसाली भिलाई से प्राप्त की है।

उनकी इस उपलब्धि पर परिवार सहित कॉलोनी के रहवासियों ने खुशी जाहिर की है।



### स्कूल में छात्र से मारपीट, मामला दर्ज

**राजनांदगांव।** डोंगरगढ़ क्षेत्र के एक निजी स्कूल में अध्ययनरत छात्र से मारपीट करने के मामले की शिकायत पर पुलिस ने दो शिक्षिकाओं के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत एक निजी स्कूल में कक्षा सातवीं में अध्ययनरत छात्र से जुलाई माह में बुक निकालने में हो रही देरी से शिक्षिका ने मारपीट की थी। जिससे छात्र के कान में श्रवण शक्ति पर असर पड़ा है। इस मामले की छात्र के परिजन द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराए जाने पर पुलिस ने दो शिक्षिकाओं के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

### उज्ज्वल बने युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष

**राजनांदगांव।** हैहैवंशी कसेर समाज ने रविवार को भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती के अवसर पर एक समारोह का आयोजन किया, जिस अवसर पर सामाजिक उत्थान पर चर्चा की गई। चर्चा के पश्चात अध्यक्ष लेनिन कसार, महिला मंडल अध्यक्ष सुनीता हरिहारनों सहित अन्य पदाधिकारी सामाजिक साथियों की सहमति से युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पद के लिए उज्ज्वल कसेर को जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी नियुक्ति पर सामाजिक साथियों, वरिष्ठों और मित्रों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। समाज ने विश्वास व्यक्त किया है कि उज्ज्वल कसेर के गतिशील नेतृत्व में युवा प्रकोष्ठ समाज के लिए नई ऊंचाइयों को छूने में सफल होगा और संगठन को एक नई दिशा देगा।



### राजनांदगांव में कांग्रेस पदाधिकारियों की बैठक में पहुंचे वोरा

# एसआईआर में कोई मतदाता न छूटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) को लेकर 16 नवंबर को स्थानीय कस्तूरबा महिला मंडल में शहर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में उत्तर एवं दक्षिण ब्लॉक के बूथ अध्यक्षों, बीएलए और पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं दुर्ग के पूर्व विधायक अरूण वोरा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण हेतु प्रदेश स्तरीय निगरानी समिति का गठन किया गया है। जिसके तहत वोरा को राजनांदगांव जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। वोरा ने राजनांदगांव जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं साथियों के साथ विस्तृत विमर्श कर एसआईआर की जमीनी स्थिति, बीएलओ के कार्यों की प्रगति, ग्रामीण-आदिवासी अंचलों में संचार की सीमाएं तथा दस्तावेज उपलब्धता से जुड़ी वास्तविक चुनौतियों का गहन आंकलन किया। कांग्रेस द्वारा एसआईआर की हर परत की बारीकी से समीक्षा की जा रही है। कार्यक्रम को संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिंटू, शहर कांग्रेस प्रभारी बृजेश शर्मा, पूर्व महापौर हेमा देशमुख सहित वरिष्ठ नेताओं ने संबोधित किया। बैठक का संचालन दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने किया।




#### शीघ्र होगा वरिष्ठ नेताओं का दौरा

वोरा ने बताया कि शीघ्र ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रविंद्र चौबे और वे स्वयं राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र का संयुक्त दौरा करेंगे। जिसमें कवर्धा और खैरागढ़ क्षेत्र भी शामिल होंगे। दोनों नेता कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे, एसआईआर अभियान की प्रगति की समीक्षा करेंगे और संगठन को और अधिक मजबूत बनाते जनता तक व्यापक जागरूकता पहुंचाएंगे।

#### वोरा ने की सराहना

श्री वोरा ने कहा कि "भाजपा सरकार द्वारा लागू की गई एसआईआर प्रक्रिया आम नागरिकों के लिए अत्यंत जटिल और समय-सीमा के दबाव वाली है। ऐसे में हर एक कांग्रेस कार्यकर्ता यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहा है कि यह प्रक्रिया जनता के लिए आसान बने। फॉर्म समय पर पहुंचे और कोई भी मतदाता, चाहे युवा हो, बुजुर्ग, किसान या महिला, मतदाता सूची से वंचित न हो। हमारा लक्ष्य है कि रेजिडेंशियल बदलाव, डुप्लीकेट नाम, मृत मतदाता या किसी भी प्रकार की त्रुटि को दूर कर हर योग्य नागरिक का मताधिकार सुरक्षित किया जाए।" श्री वोरा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस अभियान को पूरी गंभीरता से संचालित कर रही है और जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की प्रतिबद्धता ही इस कठिन प्रक्रिया को नागरिकों के लिए सरल बनाएगी।

## ट्रक की ठोकर से स्कार्पियो सवार घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बागनदी क्षेत्र में ट्रक ने स्कार्पियों वाहन को ठोकर मार दिया। जिससे इसमें सवार लोगों को चोंटे आई है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बागनदी थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे में 17 नवंबर को स्कार्पियों में सवार होकर महाराष्ट्र से डोंगरगढ़ मां बम्लेश्वरी के दर्शन हेतु जा रहे लोगों को रेस्टोरेट व चाबुक नाला के बीच रायपुर से नागपुर की ओर जा रही ट्रक ने ठोकर मार दिया। जिससे स्कार्पियों वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं वाहन में सवार चार लोगों को चोंटे आई, जिन्हें उपचार हेतु शासकीय अस्पताल देवरी-महाराष्ट्र ले जाया गया। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी गिरीश ने दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## प्रताड़ना से युवक की मौत का मामला पीड़ित परिजनों से मिली पूर्व विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रामपुर निवासी एक युवक ने बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारी की प्रताड़ना से आत्महत्या कर ली। युवक बिजली बिल कलेक्शन का काम करता था। इस मामले में मृतक के परिजनों से मिलने पहुंची पूर्व विधायक छन्नी चंदू साहू ने दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

पूर्व विधायक छन्नी साहू को मृतक शेष साहू के परिजनों ने बताया कि वह कल्लूबंजारी स्थित बिजली विभाग के आफिस में बिजली बिल कलेक्शन का काम करता था। कुछ दिनों पूर्व बिजली विभाग में कार्यरत एक लाइनमैन द्वारा अपने परिजन को स्वास्थ्यगत समस्या आने का बहाना करके शेष साहू से बिजली बिल कलेक्शन से प्राप्त 4 लाख से ज्यादा की राशि उधार मांगी थी, जिसे कुछ दिनों में वापस करने की बात कही थी। जिसके बाद मृतक शेष साहू बिजली बिल की उक्त राशि को वापस करने के लिए लाइनमैन को बार-बार संपर्क करता था, पर लाइनमैन ने बिल की राशि वापस न कर शेष साहू को जान से मारने की धमकी दे डाली। इस दौरान बिजली विभाग ने उक्त राशि का गबन करने के आरोप शेष साहू पर लगा दिया। उसका पक्ष न सुनकर शेष साहू के खिलाफ एफआईआर करने थाने में शिकायत कर दी। जिससे मृतक शेष साहू मानसिक रूप से परेशान हो गया और अंततः शेष साहू ने डोंगरगढ़ रेलवे लाइन पहुंचकर ट्रेन से कटकर अपनी जान दे दी।



#### मुआवजे की मांग

पूर्व विधायक छन्नी साहू ने पीड़ति परिजनों के लिए सरकार से 50 लाख मुआवजा और परिवार के एक व्यक्ति को विभाग में नौकरी देने मांग की है।

#### दोषियों पर कार्रवाई की मांग

घटना की जानकारी मिलने पर पूर्व विधायक छन्नी साहू ग्राम रामपुर पहुंची, जहां परिजनों ने न्याय दिलाने हेतु छन्नी साहू से मदद की मांग की। पूर्व विधायक छन्नी साहू ने कहा कि न्याय मिलने तक वे मृतक के परिजनों के साथ खड़ी है। बिजली विभाग और उनके कर्मचारियों के प्रताड़ना से तंग आकर आज एक युवक को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा है। इसका पूर्ण रूप से दोषी बिजली विभाग व उनके कर्मचारी हैं।

## धान खरीदी केन्द्र में अव्यवस्था का कांग्रेस ने लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में अव्यवस्था के मामले को लेकर कांग्रेस ने प्रदेश सरकार को घेरा है और कलेक्टर के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा है। कांग्रेस ने कहा कि वर्तमान में सहकारी समितियों द्वारा अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन किया जा रहा है।

कर्मचारियों के हड़ताल में जाने से धान खरीदी का कार्य पूरी तरह से प्रभावित हो चुका है। जिसका खामियाजा धान बेचने आए अन्नदाताओं को भुगतना पड़ रहा है। जबकि हड़ताल में जाने से पहले ही सहकारी समिति के कर्मचारी संघ ने सरकार को अवगत करा दिया था, पर उनकी मांगों और समस्याओं के समाधान की दिशा में कोई सार्थक पहल सरकार ने नहीं की। उलटा उन समितियों के कर्मचारियों पर शासन ने कार्रवाई कर दी। जबकि 9 नवंबर 2021 को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय द्वारा कांग्रेस सरकार को पत्र लिखकर और डॉ. रमन सिंह के साथ कर्मचारियों के मंच में आकर सहकारी कर्मचारी संघ के पांच सूत्रीय मांगों का समर्थन देते कांग्रेस सरकार को कोसा था और आज उन्हीं सोसायटी प्रबंधक और सहकारी समिति के सदस्यों पर बर्खास्तगी की कार्रवाई की जा रही है।



#### व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई

शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि सहकारी समितियों के सदस्य अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। जिसके कारण धान खरीदी केन्द्र की व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। किसानों को अपने धान की उपज बेचने के लिए काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। शासन किसानों के प्रति संवेदनशील नहीं है।

#### अपना रही षडयंत्रकारी नीतियां

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि प्रदेश सरकर षडयंत्रकारी नीतियां अपनाकर किसानों का धान नहीं खरीदना चाहती और कर्मचारियों पर दमनकारी डंडा चलाया जा रहा है। कांग्रेस ने राज्यपाल से ज्ञापन के माध्यम से मांग किया है कि इन सहकारी समितियों के कर्मचारियों की मांगों पर विचार करते उनकी समस्याओं का निदान कराए व प्रदेश के अन्नदाताओं की उपज का समर्थन मूल्य में धान खरीदी पूरी कराए। ज्ञापन सौंपने के दौरान कमलजीत सिंह पिन्टू, हफीज खान, विकास त्रिपाठी, मोहम्मद यहया, झम्मन देवांगन, अमित चंद्रवंशी, सुरेन्द्र देवांगन, राजा यादव, उमेश साहू, रूपेश साहू, सुरेन्द्र गजभिये, मोहर्रम अली, निलेश ठावरे, जितेन्द्र सिन्हा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## दो पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

छुईखदान क्षेत्र में अवैधानिक गतिविधियों पर नकेल कसते पुलिस टीम केसीजी ने दो आरोपियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते उन्हें उपजेल सलोनी रवाना किया है।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में राजेन्द्र चंद्राकर पिता नरसिंह चंद्राकर (55 वर्ष) तथा राजेश वैष्णव पिता लक्ष्मण दास वैष्णव (29 वर्ष) दोनों निवासी वार्ड क्रमांक 09 थाना छुईखदान जिला केसीजी शामिल हैं। इन दोनों के विरुद्ध लगातार क्षेत्रवासियों से शिकायतें मिल रही थी, जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने त्वरित एक्शन लिया। पुलिस टीम ने बताया कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैधानिक गतिविधियों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भविष्य में भी इसी प्रकार की कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस टीम केसीजी की इस तत्परता और कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

## नशामुक्त भारत अभियान के लिए निगम में ली गई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नशा मुक्त भारत अभियान के 5 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 18 नवंबर को समापन समारोह आयोजित करने तथा नशा मुक्त भारत अभियन की सफलता हेतु शपथ लेने शासन निर्देश के अनुक्रम में नगर निगम द्वारा टाउन हॉल में निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा एवं नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया तथा नशामुक्ति के लिए शपथ ली गई।

टाउन हॉल में आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष वर्मा ने नशापान नहीं करने शपथ लेने के अलावा उसके दुष्परिणामों को प्रचारित कर नशामुक्त भारत अभियान में जुड़ने कहा। साथ ही आयुक्त विश्वकर्मा ने अधिकारी-कर्मचारियों को नशामुक्ति के लिए शपथ दिलाई कि युवा किसी राष्ट्र की शक्ति होते हैं। जिनका समाज एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान होता है, इसलिए यह अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है कि अधिक से अधिक युवा नशामुक्त भारत अभियान से जुड़े। देश के सामने मौजूद इस चुनौती को स्वीकार करते आज हम सब नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एकजुट होकर संकल्प लेते हैं कि केवल हमारा समाज, परिवार, मित्र, बल्कि हम स्वयं भी नशामुक्त रहेंगे, क्योंकि बदलाव की शुरूआत खुद से होती है। उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों ने अपने देश को नशामुक्त बनाने भरसक प्रयास करने का शपथ लिया।



## अवैध बिक्री, सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन, आरोपियों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अवैध रूप से शराब बिक्री करने एवं सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन करने के मामले में पुलिस ने आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 18 नवंबर की रात्रि में अवैध शराब रखकर बिक्री हेतु एक्टिवा में रखकर ले जाने के संबंध में सूचना के आधार पर मोपेड को ग्राम गठुला धर्मकांटा के पास रोड पर नाकाबंदी कर रोका गया। आरोपी नवीन सिन्हा 47 साल खैरझिटी के कब्जे से 15 पौवा सीजी फाईन डीलक्स व्हीस्की, 4 पौवा शोले देशी मसाला शराब कुल कीमती 2200 रुपए एवं एक्टिवा को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया। इसी प्रकार सार्वजनिक स्थान गठुला नाला के पास शराब पीने वाले आरोपी गुलशन देवांगन 22 साल काई तालाब के पास रामनगर के विरूद्ध धारा 36 (च) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत कार्रवाई किया गया।



## स्वदेशी राष्ट्रीय रथ का 27 को नांदगांव आगमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

"स्वदेशी बेचे-स्वदेशी खरीदें" के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने निकली स्वदेशी राष्ट्रीय रथयात्रा 27 नवंबर को राजनांदगांव पहुंचेगी। व्यापारिक संगठनों ने सभी व्यापारी बंधुओं से इस राष्ट्रव्यापी अभियान के स्वागत में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

#### नागपुर से यात्रा प्रारंभ

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) द्वारा 15 नवंबर को नागपुर से स्वदेशी संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया गया। यह यात्रा देशभर में स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने और आर्थिक आत्मनिर्भरता को मजबूत बनाने के उद्देश्य से निकाली गई है। यात्रा का उद्घाटन सांसद एवं कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल, कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया, स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय सह-संयोजक सतीश कुमार तथा किसान मोर्चा के वरिष्ठ नेता विपुल त्यागी द्वारा किया गया।

#### महाराष्ट्र से होकर छत्तीसगढ़ में प्रवेश



#### कैट और मंच की संयुक्त पहल

कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी ने बताया कि यात्रा प्रथम चरण में महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, दिल्ली और राजस्थान से होकर गुजरेगी। इसके बाद इसे देश के अन्य राज्यों में भी विस्तार दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह ऐतिहासिक रथ लगभग 25 हजार किलोमीटर की दूरी तय करेगा।

#### महाराष्ट्र से होकर छत्तीसगढ़ में प्रवेश

स्वदेशी राष्ट्रीय रथ वर्तमान में महाराष्ट्र के विभिन्न नगरों का भ्रमण कर रहा है। शीघ्र ही यह छत्तीसगढ़ की सीमाओं में प्रवेश करते राजनांदगांव पहुंचेगा, जहां स्थानीय व्यापारी संगठनों द्वारा रथ का भव्य स्वागत किया जाएगा। कैट के जिला अध्यक्ष राजू डागा, भावेश अग्रवाल व संजय तेजवानी ने बताया कि "यह रथ आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी गर्व का प्रतीक है। सभी व्यापारी स्वदेशी उत्पादों को अपनाकर देश की आर्थिक स्वतंत्रता को मजबूत करें।" "वोकल फॉर लोकल" को जन आंदोलन बनाने की दिशा में यह यात्रा अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसका उद्देश्य भारतीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना और युवाओं में स्वदेशी उत्पादों के प्रति विश्वास बढ़ाना है। उक्त जानकारी कैट के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी है।



### कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक

# धान खरीदी के लिए दी गई जिम्मेदारियों का गंभीरता से करें निर्वहनः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिला कलेक्टर गोपाल वर्मा ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में खरीफ वर्ष की धान खरीदी की शुरुआत हो चुकी है। वहीं समय-सीमा की बैठक में खरीदी की व्यवस्था को लेकर कलेक्टर श्री वर्मा ने एसडीएम, तहसीलदार, धान खरीदी से जुड़े विभागों के अधिकारियों के साथ सभी जिला अधिकारियों से कहा कि धान खरीदी अभी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, सुचारू खरीदी के लिए शासन ने एस्मा भी लगाया है। धान खरीदी के लिए जिन्हें जो जिम्मेदारी मिली है उसका पूरी गंभीरता और सजगता के साथ निर्वहन करें। खरीदी केंद्रों में किसानों की सुविधा का पूरा ख्याल रखा जाए। टोकन अनुसार समय से खरीदी हो, केंद्रों में खरीदी के लिए ऑपरेटर्स के साथ हमाल और श्रमिकों की उपलब्धता सुनिश्चित हो। केंद्रों में विद्युत व्यवस्था, कम्प्यूटर सेट, आर्द्रता मापी यंत्र, इलेक्ट्रानिक्स तौल मशीन व कांटाबाट इत्यादि की समुचित व्यवस्था हो।

उन्होंने जिला स्तर पर अधिकारियों की उपार्जन केंद्रवार निरीक्षण में ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वर्मा ने एसआईआर प्रक्रिया के क्रियान्वयन की भी विस्तार से समीक्षा समय सीमा की बैठक में की। उन्होंने बीएलओ द्वारा फॉर्म वितरण और भरे हुए फॉर्म की जानकारी ऑनलाइन अपडेट किए जाने के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि ऑनलाइन अपडेशन का काम भी साथ-साथ किया जाना है। इसमें बीएलओ के साथ विहित अधिकारी भी आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे। उन्होंने सभी एसडीएम से कहा कि अपने क्षेत्र अंतर्गत चल रहे एसआईआर प्रक्रिया की नियमित मॉनिटरिंग और समीक्षा करें। जिन स्थानों पर ऑनलाइन जानकारी अपलोड करने की गति धीमी है वहां विशेष फोकस करें। उन्होंने पंचायतों में सचिवों और रोजगार सहायकों का सहयोग लेने के लिए कहा और कहीं तकनीकी समस्या आने पर निर्वाचन कार्यालय से संपर्क कर उसका त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होने कहा कि एसआईआर एक समयबद्ध और चरणबद्ध कार्य है, अतः इसके लिए निर्धारित शेड्यूल का कड़ाई से पालन किया जाए। इस दौरान पर सीईओ जिला पंचायत अजय कुमार त्रिपाठी, अपर कलेक्टर विनय पोयाम, नरेन्द्र पैकरा, एसडीएम संदीप ठाकुर, श्रीमती शिल्पा देवांगन, डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन, सुश्री रूचि शार्दुल सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### एसआईआर प्रक्रिया में फॉर्म के ऑनलाइन अपडेशन पर करें फोकस



कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न जन समस्या निवारण पोर्टल्स में प्राप्त आवेदनों और उसके निराकरण की स्थिति की जानकारी एक-एक कर विभागीय अधिकारियों से ली। जिले के शत प्रतिशत छात्रों के अपार आईडी निर्माण को प्राथमिकता से पूर्ण करवाने के लिए जिला शिक्षाधिकारी को निर्देशित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि कहीं दस्तावेजों की कमी है तो उसे राजस्व अधिकारियों से समन्वय कर बनवाएं। जिससे अपूर्ण दस्तावेजों के कारण अपार आईडी निर्माण की समस्या को दूर किया जा सके। कलेक्टर ने आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल जिले बोड़ला ब्लॉक में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि सहित समग्र विकास के अन्य प्राथमिकता क्षेत्रों में इंडिकेटर्स पर विभागीय योजनाओं के माध्यम से गैप को कवर करने के लिए समय-समय पर जारी दिशा निर्देशों के तहत कार्य करने के निर्देश दिए।

# पाण्डातराई सेवा सहकारी समिति में धान खरीदी का शुभारम्भ, किसानों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭पाण्डातराई



पाण्डातराई सेवा सहकारी मर्यादित समिति में 15 नवम्बर को पूरे विधि-विधान के साथ धान खरीदी कार्य का शुभारम्भ किया गया। प्रदेश में निर्धारित तिथि के अनुरूप जिले के सभी उपार्जन केंद्रों की तरह पाण्डातराई धान खरीदी केंद्र में भी सुबह से ही तैयारियां पूरी कर ली गई थीं। वहीं शुभारंभ अवसर पर समिति के अध्यक्ष अजय गिरि गोस्वामी, धान खरीदी प्रभारी सुधा मेरावी, फूड इंस्पेक्टर श्री केशरवानी, सहकारी बैंक के मैनेजर डोमन चंद्रवंशी सहित किसान बंधु दिनेश व कोमल चंद्रवंशी प्रमुख रूप से उपस्थित थें, अधिकारियों ने पूजा-अर्चना कर धान तौलाई की प्रक्रिया प्रारंभ करवाई।

जिस पर अध्यक्ष अजय गिरि गोस्वामी ने बताया कि शासन प्रशासन के निर्देशानुसार खरीदी प्रक्रिया पारदर्शी तथा व्यवस्थित तरीके से संचालित की जाएगी। किसानों की सुविधा के लिए तौलाई, बोरा उपलब्धता, परिवहन और भुगतान से संबंधित आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई हैं। उधर खेतों में धान फसल के पूरी तरह परिपक्व हो जाने से किसान अब बड़े उत्साह के साथ धान उपार्जन केंद्रों की ओर रुख कर रहे हैं। धान खरीदी प्रारंभ होने के पहले ही दिन कई किसानों ने अपना धान लेकर केंद्र पहुंचकर तौलाई करवाई।

वहीं प्रभारी सुधा मेरावी ने बताया कि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए स्टाफ की ड्यूटी निर्धारित कर दी गई है और रोजाना समय पर खरीदी की जाएगी। वहीं फूड इंस्पेक्टर श्री केशरवानी ने गुणवत्ता मानकों की जानकारी देते हुए कहा कि निर्धारित श्रेणी के अनुरूप ही धान की स्वीकृति होगी। धान खरीदी के शुभारम्भ के साथ ही पूरे क्षेत्र में कृषि गतिविधियों में रौनक लौट आई है। किसान अब उम्मीद जता रहे हैं कि इस बार खरीदी प्रक्रिया सुचारू रूप से चलेगी और समय पर भुगतान मिलने से उन्हें आगामी रबी फसलों की तैयारी में सहूलियत होगी।

### स्कूल स्वायल हेल्थ कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को मिली मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन की विस्तृत जानकारी

**हरिभूमि कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर उप संचालक कृषि के मार्गदर्शन में कृषि विभाग द्वारा पायलट प्रोजेक्ट ऑन स्कूल स्वायल हेल्थ कार्यक्रम का आयोजन पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय महराजपुर-कवर्धा में सफलतापूर्वक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली विद्यार्थियों को मृदा स्वास्थ्य, मृदा परीक्षण एवं संतुलित उर्वरक प्रबंधन के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केन्द्र नेवारी, डॉ बीपी त्रिपाठी तथा विषय-वस्तु विशेषज्ञ एनसी बंजारा द्वारा विद्यार्थियों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत व्याख्यान दिया गया। उन्होंने बच्चों को मृदा नमूना संग्रहण की विधि, नमूना विश्लेषण, रिपोर्ट तैयार करने की प्रक्रिया, कार्ड प्रिंटिंग एवं फसलवार संतुलित उर्वरक उपयोग की वैज्ञानिक जानकारी प्रदान की। विशेषज्ञों ने बताया कि मृदा में जैविक खाद तथा संतुलित रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से फसल उत्पादन बढ़ाने एवं लागत घटाने में महत्वपूर्ण मदद मिलती है। कृषि विभाग के डिप्टी प्रोजेक्ट डायरेक्टर (आत्मा) श्री सुशील कुमार वर्मा ने भी विद्यार्थियों को मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, स्कूल स्वायल हेल्थ कार्ड की उपयोगिता तथा कृषि में वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने संबंधी जानकारी प्रदान की।

# उपमुख्यमंत्री ने देवांगन व क्षत्रिय पवार समाज के भवनों का किया लोकार्पण

## सामाजिक विकास को मिलेगी नई दिशाः विजय शर्मा



■ इस भवन का उपयोग सामाजिक सौहार्द, पारस्परिक सहयोग व सकारात्मक विकास के लिए करेंगे।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने कवर्धा प्रवास के दौरान देवांगन समाज तथा क्षत्रिय पवार समाज के नए सामुदायिक भवनों का विधिवत लोकार्पण किया। इस अवसर पर समाजजनों ने उपमुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत करते हुए पुष्पगुच्छ एवं शाल-श्रीफल भेंटकर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम की शुरुआत उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा द्वारा मां परमेश्वरी की पूजा-अर्चना एवं आशीर्वाद ग्रहण करने के साथ हुई। लोकार्पण अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने दोनों समाजों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को नवीन भवन की सौगात के लिए शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि सामुदायिक भवन सामाजिक एकता, सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण तथा समाज के युवा वर्ग को सकारात्मक दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सरकार समाजों के सशक्तिकरण एवं उनके विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार समाजों के उत्थान, शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास से संबंधित गतिविधियों को बढ़ावा देने हेतु प्रतिबद्ध है। नए सामुदायिक भवन समाज की विविध गतिविधियों, बैठकों, सामाजिक कार्यक्रमों तथा सांस्कृतिक आयोजनों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में कार्य करेगा। विजय शर्मा ने कहा कि समाज जन इस भवन का उपयोग सामाजिक सौहार्द, पारस्परिक सहयोग और सकारात्मक विकास के लिए करेंगे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार समाजों के विकास एवं उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप सहयोग प्रदान करता रहेगा।

समाज के प्रतिनिधियों ने उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा को इस सौगात के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि नए भवन से समाजिक गतिविधियों में नई ऊर्जा आएगी और समाज के युवाओं को भी एक सशक्त मंच प्राप्त होगा। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल ठाकुर, कपूरचंद ठाकरे, नरेन्द्र देवांगन, शंभू देवांगन, लोकनाथ देवांगन, योगेश ठाकरे सहित सामज के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जर्जर पीएम सड़क का सुधार व मरम्मत का कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर



जिला में सुगम आवागमन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खराब व जर्जर सड़कों की रिपेयरिंग व मरम्मत कार्य शुरू हो गई है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के ग्राम रवेली-जेवड़न चौक से ग्राम जेवड़न खुर्द तक एक किलो मीटर प्रधानमंत्री सड़क बरसात के दिनों में सड़क में जगह-जगह छोटे बड़े गड्ढे तथा जल भराव की स्थिति निर्मित होने से ग्रामीणो व राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। वहीं छोटे बड़े गड्ढे होने के कारण ग्रामीण व राहगीर सड़क दुर्घटना के शिकार तथा गिरकर चोंटिल हो रहे थें। जिस पर ग्रामीणों के शिकवा शिकायत के बाद विभागीय अधिकारिकयों व जिम्मेदार ठेकेदार द्वारा पीएम सड़क की सुधार व मरम्मत कार्य किया जा रहा है। बताया जाता है कि रवेली-जेवड़न चौक से ग्राम जेवड़न खुर्द तक जिम्मेदार ठेकेदार द्वारा सुधार कार्य किया जा रहा है जिससे ग्रामीण किसानों व ग्रामीण तथा राहगीरों को आवागमन करने में सुविधा तथा राहत मिलेगी।

### जेवडन खुर्द से पिपरिया सड़क की मरम्मत कार्य की मांग

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम जेवडन खुर्द से पिपरिया पहुंच मार्ग अत्यंत जर्जर व बदहाल होने के कारण आवाजाही बाधित तथा भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन प्रशासन को इस ओर ध्यान देने तथा जिम्मेदार ठेकेदार जेवडन खुर्द से पिपरिया जाने वाले मार्ग की जल्द से जल्द सुधार व मरम्मत कार्य किए जाने की मांग की गई ताकि ग्रामीणों को आवागमन में आसपास क्षेत्र के राहगीरों को राहत मिल सके।

# सिंघनपुरी-गोछिया शाला में एफएलएन व आनंद मेला का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला सिंघनपुरी-गोछिया संकुल केंद्र बाजार चारभाठा में एफएलएन मेला तथा आनंद मेला का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में भाषा, गणितीय दक्षता, रचनात्मकता, सहभागिता एवं आनंदपूर्ण शिक्षण वातावरण को बढ़ावा देना रहा। मेले में छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियां, प्रोजेक्ट प्रदर्शन, खेलकूद, हस्तकला, क्विज सहित कई आकर्षक स्टॉल लगाए गए, जिनमें विद्यार्थियों के सीखने की क्षमता और नवाचार को विशेष रूप से प्रदर्शित किया गया।

कार्यक्रम का नेतृत्व प्रधान पाठक अजय कौशिक, प्रधान पाठक राजेश कुम्भकार, संकुल समन्वयक रामफल कौशिक तथा शिक्षकगण द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थी आत्मविश्वास और व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करते हैं। डाइट व्याख्याता सुदर्शन नेताम द्वारा मेले का अवलोकन किया गया। शिक्षक शिक्षिकाएं व पालक गण एवं ग्रामीणों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति ने मेले को सफल बनाया। विद्यालय प्रबंधन ने कार्यक्रम में सहयोग देने वाले सभी का आभार व्यक्त किया।

### खेतों में महाराष्ट्रीयन गन्ने की नई हाई शुगर वैरायटी हुई तैयार



**हरिभूमि बरबसपुर।** जिला मुख्यालय से लगभग 8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम राम्हेपुर कला के ग्रामीण किसान ने महाराष्ट्र-कोल्हापुर जिले के वैरायटी किस्म की रसदार और वजनदार गन्ना अपनी खेतों में पैदावार किया गया है, जो अब परिपक्व होकर खेत में तैयार हो चुके हैं। जिसे देखकर ग्रामीण किसान के चेहरे खुशी से खिल उठे हैं। बताया जाता है कि इस गन्ने की वैरायटी का नाम पीडीएन 13007 और एसएनके 13374 उच्च शर्करा एवं उच्च उत्पादन वाला वैरायटी किस्म की गन्ना है, जो रसदार और वजनदार होता है, यह गन्ना बहुत कम समय में परिपक्व होकर तैयार हो जाता है अर्थात कम से कम समय में तैयार होने वाला गन्ना है। इस गन्ने को ग्राम राम्हेपुर कला कृषक राजू साहू द्वारा भोरमदेव सहकरी शक्कर उत्पादक कारखाना के सामने अपनी खेत मे 2 मई 2025 को लगाया गया था जो वर्तमान में बहुत जल्द परिपक्व होकर खेतों में तैयार हो चुके हैं, गन्ने की लम्बाई लगभाग 7 से 8 फीट तक है और वजन लगभग 1 गन्ने का दो से ढाई किलो से ऊपर है, इस गन्ने की वैरायटी को महाराष्ट्र की कोल्हापुर जिले से मंगाया गया था, जिसको कृषक द्वारा अपने खेत में 1.55 एकड़ में लगाया गया है। गन्ने की वैरायटी को भोरमदेव शक्कर कारखाने द्वारा खरीदा जाएगा और इन दोनों वैरायटी के बीज को लगाने से कृषक अपने गन्ने की फसल की आमदनी दोगनी कर सकते हैं। इस वैरायटी को अभी केवल बीज के लिए पैदावार किए है ताकि जिले के सभी किसानों ने बड़े पैमाने से अच्छी पैदावार करने से आमदनी दोगुनी और आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकें।

### नशामुक्त भारत अभियान की 5वीं वर्षगांठ पर जिला स्तरीय शपथ ग्रहण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

नशामुक्त भारत अभियान के 5वीं वर्षगांठ के अवसर पर मंगलवार को पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा जिला स्तरीय नशामुक्ति शपथ ग्रहण समारोह एवं पेंशन सत्यापन शिविर का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के वरिष्ठ नागरिकों, पेंशन हितग्राहियों, स्व-सहायता समूह की महिलाओं, विद्यालयीन एवं महाविद्यालयीन विद्यार्थियों, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए नशामुक्त रहने की शपथ ली। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ईश्वरी साहू, अध्यक्ष जिला पंचायत, गजराज सिंह, निज सहायक सांसद तथा चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर जिले के पदाधिकारी व गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थें।

# 15 वर्षों की उत्कृष्ट शैक्षिक सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाईः विरेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव



शिक्षा के क्षेत्र में समर्पण और निरंतरता का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए शासकीय प्राथमिक विद्यालय गेगड़ा के सहायक शिक्षक विरेन्द्र चंद्रवंशी ने अपने शैक्षिक जीवन के 15 वर्ष एक ही विद्यालय में सफलतापूर्वक पूर्ण किए हैं। श्री चंद्रवंशी ने वर्ष दर वर्ष विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण, विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता और विद्यालय की सामुदायिक छवि को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

शिक्षण के प्रति उनकी लगन, अनुशासन, नवाचार अपनाने की क्षमता एवं विद्यार्थियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण ने विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के स्तर को निरंतर ऊंचा किया है। अपने सतत प्रयासों, नवाचारी शिक्षण पद्धतियों और विद्यार्थी-हितैषी कार्यप्रणाली के कारण श्री चंद्रवंशी को शिक्षा विभाग द्वारा मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण शिक्षादूत सम्मान तथा विभिन्न शैक्षिक उपलब्धियों के लिए राज्य स्तरीय सम्मान से भी सम्मानित किया जा चुका है। उनके योगदान ने विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, सामुदायिक सहभागिता और विद्यार्थियों में सीखने की रुचि को नई दिशा दी है। विद्यालय परिवार और स्थानीय समुदाय ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि विरेन्द्र चंद्रवंशी न केवल एक कुशल शिक्षक हैं, बल्कि विद्यालय के विकास और विद्यार्थियों के सर्वांगीण निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले प्रेरणादायी व्यक्तित्व हैं।

जिस पर श्री चंद्रवंशी ने अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि इन 15 वर्षों की यात्रा मेरे लिए सीख, अनुभव और सेवा का सुंदर संगम रही है। उन्होंने अपनी उपलब्धि के अवसर पर शिक्षा विभाग, जिला व विकासखंड स्तरीय अधिकारियों, विद्यालय प्रबंधन, सहकर्मी शिक्षकों, अभिभावकों तथा विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### कलेक्टर गोपाल वर्मा ने रामाधार बंजारे को चेक प्रदान कर किया सम्मानित

# रामाधार बंजारे को मुख्यमंत्री स्वेच्छा मद से 5 लाख का मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



कबीरधाम जिले के ग्राम कान्हाभैरा निवासी रामाधार बंजारे ने 12वें अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव में पंथी नृत्य में भारत का प्रतिनिधित्व कर छत्तीसगढ़ की गौरवशाली सांस्कृतिक पहचान को मंच पर प्रतिष्ठित किया है। उनके इस उत्कृष्ट योगदान के सम्मान स्वरूप मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री स्वेच्छा मद से 5 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में मुख्यमंत्री स्वेच्छा अनुदान मद से 5 लाख रूपए का चेक प्रदान किया।

कलेक्टर श्री वर्मा ने श्री बंजारे को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी कला और समर्पण ने न केवल जिले का, बल्कि पूरे राज्य का मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत अत्यंत समृद्ध है, और इसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचान वाले कलाकारों का योगदान अमूल्य है। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अजय कुमार त्रिपाठी, अपर कलेक्टर विनय पोयाम, नरेन्द्र पैकरा, एसडीएम संदीप ठाकुर, श्रीमती शिल्पा देवांगन, डिप्टी कलेक्टर सुश्री रूचि शार्दुल, आरबी देवांगन सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे। सम्मान प्राप्त करने के उपरांत रामाधार बंजारे ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, कलेक्टर गोपाल वर्मा सहित जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा प्रदान किया गया यह सम्मान न केवल उनके व्यक्तिगत उत्साह को बढ़ाने वाला है, बल्कि प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को आगे ले जाने के उनके संकल्प को भी और मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मंच पर छत्तीसगढ़ की कला और परंपराओं को सम्मान दिलाना उनके लिए गर्व का विषय है और शासन तथा प्रशासन के इस प्रोत्साहन से वे भविष्य में और भी उत्कृष्ट एवं प्रभावशाली प्रस्तुतियों के साथ प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। उन्होने कहा कि इस सहयोग से कलाकारों के मनोबल को बढ़ाता है तथा उन्हें नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रेरित करता है। अंतर्राष्ट्रीय मंच तक पहुंची छत्तीसगढ़ के लोककलाओं की गूंज। उल्लेखनीय है कि 13 से 25 फरवरी तक मिस्त्र में आयोजित इस महोत्सव में छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पंथी नृत्य, कर्मा नृत्य तथा बस्तर के पारंपरिक आदिवासी नृत्यों की अद्भुत प्रस्तुति ने वहाँ उपस्थित अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को भावविभोर कर दिया। इस महोत्सव में छत्तीसगढ़ के बेमेतरा, कबीरधाम, कोरबा, जशपुर, मुंगेली और राजनांदगांव जिले के प्रतिभावान युवाओं ने सहभागिता कर प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को विश्व पटल पर मजबूती से स्थापित किया।

## खबर संक्षेप

### मोहगांव परीक्षेत्र साहू समाज का शपथ ग्रहण समारोह खैरबना में आयोजित

**कवर्धा।** मोहगांव परीक्षेत्र साहू समाज का बहुप्रतीक्षित शपथ ग्रहण समारोह गत दिनो ग्राम खैरबना स्थित सामुदायिक भवन में बड़े ही उत्साह, गरिमा और सौहार्द के वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ जन, गणमान्य अतिथि, विभिन्न गांवों से आए सामाजिक बंधु तथा नई कार्यकारिणी के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे। वहीं मुख्य रूप से समाज प्रमुखों में डॉ. सियाराम साहू, शीतल साहू, चोवा राम साहू, विजय साहू, भोला साहू, रामकृष्ण साहू, कृष्णा साहू, भगवानी साहू, राजेन्द्र साहू, थानू साहू, देवराम साहू,



लेखराम साहू, दिलीप साहू, वेदराम साहू आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर मोहगांव परीक्षेत्र के नव-निर्वाचित अध्यक्ष एवं पूरी कार्यकारिणी ने विधिवत शपथ ग्रहण किया। शपथ के दौरान सभी पदाधिकारियों ने समाजसेवा, संगठन की एकता, शिक्षा-विकास, युवाओं के उत्थान और सामाजिक समरसता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ पदाधिकारियों ने अपनी उद्बोधन शैली में समाज को शिक्षा, संस्कार, संगठन, रोजगार एवं आर्थिक सशक्तिकरण के लिए सामूहिक प्रयास करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि समाज की उन्नति संगठन की मजबूती, युवाओं की सहभागिता और महिलाओं के सम्मान पर आधारित है। कार्यक्रम के अंत में नव-निर्वाचित अध्यक्ष ने सभी उपस्थित पदाधिकारियों, अतिथियों एवं समाजबंधुओं का आभार व्यक्त किया और समाज के उज्ज्वल भविष्य एवं संगठन की निरंतर प्रगति के लिए प्रतिबद्धता जताई।

### नक्सली माड़वी हिड़मा का खत्मा नक्सल विरोधी अभियान के निर्णायक सफलता का प्रमाण

**कवर्धा।** सुकमा और सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षाबलों द्वारा एक करोड़ के



ईनामी नक्सली माड़वी हिड़मा, उसकी पत्नी राजे सहित छह खूंखार नक्सलियों का खात्मा नक्सलवाद के खिलाफ केन्द्र एवं राज्य की भाजपा सरकार के नक्सल विरोधी अभियान के निर्णायक सफलता का प्रमाण है। यह ऑपरेशन हमारे बहादुर जवानों की शौर्यगाथा के साथ-साथ केन्द्र और राज्य सरकार की मजबूत इच्छा शक्ति को भी दर्शाता है। उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा उपाध्यक्ष मंडल पांडातराई मोहगांव कैलाश चन्द्रवंशी ने जारी बयान में हीं। उन्होने कहा कि मैं इस सफल अभियान के लिए सबसे पहले हमारे वीर सुरक्षा कर्मियों को नमन करता हूँ। इसके साथ ही मैं केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का विशेष आभार व्यक्त करना चाहता हूँ, जिन्होंने देशभर में नक्सलवाद के समूल उन्मूलन के लिए सख्त रणनीतियां अपनाई हैं और लगातार सुरक्षा एजेंसियों को हर तरह का सहयोग उपलब्ध कराया है। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में राज्य में नक्सल-विरोधी अभियान नई गति और नई दिशा प्राप्त कर रहा है। उनकी सतत मॉनिटरिंग, नीतिगत निर्णय और जमीनी स्तर पर कार्रवाई के प्रति प्रतिबद्धता का ही परिणाम है कि आज ऐसे बड़े ऑपरेशन सफल हो पा रहे हैं। उन्होने कहा कि यह कार्रवाई साबित करती है कि नक्सलवाद के अंधकार में छिपे हर अपराधी का अंत निश्चित है। प्रदेश तेजी से शांति, विकास और सुरक्षा की दिशा में आगे बढ़ रहा है और यह अभियान अब और भी तेज गति से चलेगा।

### युपीएससी की तैयारी के लिए आवेदन आमंत्रित

**कवर्धा।** राजीव युवा उत्थान योजना नियमावली वर्ष 2019 के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के कुल 185 सीटों (एसटी 50, एससी 30 एवं ओबीसी 20, प्रत्येक वर्ग में 33 प्रतिशत महिलाओं के लिए आरक्षित) पर चयनित अभ्यर्थियों को नई दिल्ली में संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कराये जाने के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

**वारदात:** खाना रखने की बात पर भाईयों में विवाद, आरोपी किया गया गिरफ्तार

# पारिवारिक विवाद के बीच छोटे भाई ने बड़े भाई की कुल्हाड़ी मारकर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला मुख्यालय कवर्धा के रामनगर में बीते सोमवार को पारिवारिक विवाद के दौरान एक व्यक्ति ने अपने सगे भाई पर कुल्हाड़ी से प्राणघातक हमला कर उसकी हत्या कर दी। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची कवर्धा कोतवाली पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय कवर्धा के रामनगर निवासी विनोद बंजारे पिता स्वर्गीय मेलाराम आयु 38 वर्ष का अपने बड़े भाई श्रवण बंजारे उम्र 26 के साथ घर में खाना रखने की बात को लेकर विवाद हो गया। बताया जाता है कि दोनो भाईयों के बीच विवाद इतना बढ़ा कि श्रवण बंजारे न अपना आपा खोते हुए कुल्हाड़ी से अपने बड़े भाई की गर्दन के नीचे प्राण घातक वार कर दिया। कुल्हाड़ी से किया गया वार इतना घातक था कि मौके पर ही विनोद की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनो तथा आसपास के लोगों ने तत्काल इसकी सूचना कवर्धा कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल से मृतक का खून से लतपत शव बरामद कर आरोपी श्रवण बंजारे उम्र 26 को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब आगे की कार्यवाही कर रही है।





### चाकू से हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार



थाना पाण्डातराई क्षेत्र के ग्राम परसवारा में पैसे के लेन-देन की पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर धारदार चाकू से जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है तथा घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया है। मिली जानकारी अनुसार ग्राम परसवारा निवासी धर्मेन्द्र चंद्रवंशी ने 19 अक्टूबर को पाण्डातराई थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 15 अक्टूबर की रात वह अपने मित्रों के साथ गांव के दुर्गा मंदिर के पीछे बैठा था। इसी दौरान गांव का ही सोनू उर्फ केशरी चंद्रवंशी वहां पहुंचा और पुराने पैसों के विवाद को लेकर धर्मेन्द्र से गाली-गलौज करते हुए झगड़ा करने लगा। आरोपी ने अचानक अपने हाथ में रखे धारदार हथियार से धर्मेन्द्र के गाल, गर्दन, भुजा और पीठ पर हमला कर गंभीर चोटें पहुंचाई। घायल धर्मेन्द्र को पहले पाण्डातराई स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल कवर्धा रेफर किया गया। वह 15 से 18 अक्टूबर तक अस्पताल में भर्ती रहा। हमले के बाद आरोपी फरार हो गया था। पुलिस टीम लगातार उसकी तलाश कर रही थी। पतासाजी के लिए मुखबिर भी तैनात किए गए थे। सूचना मिलने पर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने अपराध स्वीकार कर लिया। उसके मेमोरण्डम पर घटना में इस्तेमाल धारदार चाकू भी बरामद कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को 18 नवंबर की दोपहर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, उप निरीक्षक उमा उपाध्याय, प्रधान आरक्षक राधेलाल चंद्रवंशी, आरक्षक मारतंग चंद्रवंशी, शिवा और पुरुषोत्तम की विशेष भूमिका रही।

## जंगल में जुआ खेलने पहुंचे जुआरी, पुलिस कार्रवाई की भनक लगते भागे, 14 मोटर सायकिलें जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर थाना बोड़ला पुलिस की टीम ने जुआरियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए ग्राम छुही नाला किनारे जंगल में जमाई गई फड़ में दबिस दी हैं। हालांकि इस कार्यवाही में एक भी जुआरी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ा लेकिन पुलिस ने मौके से 14 मोटर सायकलें जरूर बरामद की है। बताया जाता है कि पुलिस टीम को आता देख जुआरी अपनी मोटर सायकल छोड़ भाग खड़े हुए। प्राप्त जानकारी के अनुसार बोड़ला पुलिस को मुखबिर के जरिए गोपनीय सूचना मिली थी। जिसके आधार पर थाना प्रभारी निरीक्षक रूपक शर्मा के नेतृत्व में पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस कार्रवाई की आहट पाते ही जुआ खेलने पहुंचे सभी आरोपी घबराहट में अपनी मोटर सायकलें वहीं छोड़कर जंगल की ओर भाग निकले। पुलिस के पहुंचते ही जुआ स्थल छोड़कर



भागना यह स्पष्ट संकेत है कि जुआ गतिविधि जारी थी और जुआरी पकड़े जाने के भय से मौके से फरार हुए। हालांकि मौके पर कोई जुआरी नहीं मिला, लेकिन नाला किनारे और खेतों में खड़ी कुल 14 मोटर सायकलें जुआ खेलने के प्रमाण के रूप में बरामद हुईं। ग्रामीणों को बुलाकर तस्दीक की गई, परंतु कोई भी व्यक्ति इन मोटर सायकलों के स्वामित्व या जुआ गतिविधि के बारे में कोई जानकारी देने आगे नहीं आया। संदिग्ध परिस्थितियों, लावारिस वाहनों की उपस्थिति और जुआ खेलने के स्पष्ट संकेतों के आधार पर गवाहों के समक्ष सभी वाहन जप्त कर थाना में सुरक्षित रखा गया है। मौके पर पंचनामा, जप्ती पत्रक, रोजनामचा एवं अन्य विधिक दस्तावेज तैयार किए गए। बाद में धारा 106 बीएनएसएस का इस्तगासा तैयार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया गया है। साथ ही सभी वाहनों के चेचिस और इंजन नंबर के आधार पर परिवहन विभाग से सत्यापन एवं वाहन स्वामियों की पहचान की प्रक्रिया जारी है। फरार जुआरियों की पहचान सुनिश्चित कर उनके खिलाफ आगे कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## नशा मुक्त भारत अभियान के तहत अधिकारियों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

नशा मुक्त भारत अभियान के तहत आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला प्रशासन के अधिकारियों ने शपथ ली। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने सभी अधिकारियों को शपथ दिलाई और युवाओं की राष्ट्रनिर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अजय कुमार त्रिपाठी, अपर कलेक्टर विनय पोयाम, नरेन्द्र पैकरा, एसडीएम संदीप ठाकुर, श्रीमती शिल्पा देवांगन, डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन, सुश्री रूचि शार्दुल सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे। सभी अधिकारियों ने संकल्प लिया कि युवा किसी भी राष्ट्र की शक्ति होते हैं, जिनका समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान होता है। इसलिए यह आवश्यक है कि अधिक से अधिक युवा नशा मुक्त भारत अभियान से जुड़ें।

देश के सामने मौजूद इस चुनौती को स्वीकार करते हुए, आज हम नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एकजुट होकर संकल्प लें कि न केवल हमारा समाज, परिवार, मित्र बल्कि हम स्वयं भी नशामुक्त रहेंगे, क्योंकि बदलाव की शुरुआत खुद से होती है। हम मिलकर अपने जिले/राज्य को नशा मुक्त बनाने का दृढ़ संकल्प करें कि अपने देश को नशा मुक्त बनाने के लिए भरसक प्रयास करेंगे।

## श्री रामचंद्र सेवा शिक्षण समिति ने कोदवागोडान में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोदवागोडान

श्री रामचंद्र सेवा शिक्षण समिति राम्हेपुर एन ने क्षेत्र के युवाओं के उत्थान और उन्हें आधुनिक शिक्षा से जोडने के लिए अपने निरंतर प्रयास को जारी रखते हुए, हायर सेकेंडरी स्कूल कोदवागोडान के विद्यार्थियों के बीच एक सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया। समिति पिछले 13 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय है। इस प्रतियोगिता में छात्रों की अलग-अलग विषयों पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों की परीक्षा ली गई। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों में पढ़ाई के प्रति रुचि पैदा करना और उन्हें आज के प्रतियोगी समय के अनुसार खुद को अपडेट रखने की प्रेरणा देना था। समिति के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि उनका संगठन विशेष रूप से जनजाति क्षेत्र के युवाओं को तकनीक पर आधारित शिक्षा से जोड़ने के लिए लगातार प्रयासरत है। श्री ठाकुर ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि इसी कड़ी में, जनजाति क्षेत्र के छात्रों के लिए संस्थान द्वारा निः शुल्क कंप्यूटर शिक्षा प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही, कैरियर गाइडेंस प्रोग्राम के माध्यम से उन्हें एक नई दिशा देने का कार्य भी शुरू किया जा चुका है। चूंकि युवाओं को तकनीक पर आधारित शिक्षा से जोडन्ना समय की मांग है। अतःहमने इसकी शुरुआत कर दी है, और यह क्रम इसी प्रकार से आगे भी चलता रहेगा ताकि हमारे क्षेत्र के युवा राष्ट्रीय धारा में कंधे से कंधा मिलाकर चल सकें।

## राजा खड्गराज ने बच्चों को बांटे बैग व खेल सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स. लोहारा

सहसपुर लोहारा राजपरिवार के सदस्य एवं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजा खड्गराज सिंह ने आदिवासी बालक आश्रम बोड़ला पहुंचकर वहां अध्ययनरत बच्चों को स्कूल बैग, ड्रेस एवं खेल सामग्री का वितरण किया। राजा खड्गराज कुमार सिंह सेवा संस्थान के माध्यम से वितरित यह सामग्री को पाकर बच्चे खासे खुश नजर आये बच्चों को खुशी इस बात की भी थीं की वो राजा खड्गराज सिंह को पास से देख रहे है और उनसे बात कर रहे है।

इस अवसर पर राजा खड्गराज सिंह ने बच्चों से बात करते हुए कहा की अच्छे से पढ़ाई करे मन लगा के पढ़ाई करे ताकि आप सुखमय जीवन व्यतीत कर सके साथ खेल कूद भी करे ताकि आपका शारीरिक एवं बौद्धिक विकास हो सके। आदिवासी बालक आश्रम बोड़ला में कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों की रहने की व्यवस्था है वहां उपस्थित संस्था के शिक्षकों से चर्चा करते हुए राजा खड्गराज सिंह ने कहा की आपके पास बहुत ही कमजोर, गरीब, आभावग्रस्त, अशिक्षित परिवार के बच्चे अपना भाग्य बदलने यहां पहुंचे है अतः आप सब भी पूरी ईमानदारी से प्रयास कर इन बच्चों का भाग्य बदल सकते है जिससे ये समाज की एवं विकास की मुख्यधारा में ये शामिल होकर आगे बढ़ सके।



इसके साथ ही राजा खड्ग राज सिंह ने शिक्षकों को कहा की वो उसके लायक जो भी काम हो उसे अवश्य बतायेगे। राज परिवार सहसपुर लोहारा के द्वारा समाज के वंचित, पीड़ित, विकास की धारा में पिछड़ चुके वर्ग की सहायता के लिए राजा खड्गराज कुमार सिंह सेवा संस्थान का निर्माण किया गया जिससे वंचित, गरीब समाज के लोगो को इसका फायदा मिलेगा।

**ग्राम दशरंगपुर, पिपरिया, कवर्धा, महाराजपुर एवं मैनपुरी के उपार्जन केन्द्रों का लिया जायजा**

## जिला प्रभारी सचिव डॉ. एस. भारतीदासन ने धान खरीदी केंद्र का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा अनुसार कबीरधाम जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सुचारू रूप से प्रारंभ हो चुकी है। आज प्रभारी सचिव डॉ. एस. भारतीदासन ने कलेक्टर गोपाल वर्मा के साथ जिले के विभिन्न धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण कर संपूर्ण व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने ग्राम दशरंगपुर, पिपरिया, कवर्धा, महाराजपुर एवं मैनपुरी के धान उपार्जन केन्द्रों में पहुंचकर खरीदी प्रक्रिया की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डॉ. भारतीदासन ने किसानों से सीधे चर्चा कर उनकी समस्याओं, सुझावों और खरीदी व्यवस्था के वास्तविक अनुभवों की जानकारी ली। किसानों ने बताया कि खरीदी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आ रही है और उन्हें टोकन, तौल, नमी परीक्षण तथा बारदाना उपलब्धता सहित सभी सुविधाएँ सुचारू रूप



से मिल रही हैं। प्रभारी सचिव ने किसानों को विश्वास दिलाया कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता किसान हैं, और खरीदी व्यवस्था को और बेहतर एवं सरल बनाने के लिए लगातार प्रयास जारी हैं। प्रभारी सचिव डॉ. भारतीदासन ने आद्रतामापी मशीन से नमी मापन की प्रक्रिया, इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन की तौलाई सटीकता, धान की गुणवत्ता परीक्षण और ढेरी बनाने की पूरी प्रक्रिया का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने खरीदी की पारदर्शिता और किसानों को उपलब्ध सुविधाओं पर विशेष ध्यान देते हुए कहा कि किसान जिस दिन का टोकन कटवाएं, उसी दिन बिना किसी परेशानी के अपना धान विक्रय कर सकें, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने प्रथम एवं द्वितीय टोकन की विक्रय मात्रा की स्पष्ट जानकारी प्रत्येक किसान तक पहुँचाने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि सभी केन्द्रों में ढेरी लगाकर व्यवस्थित तरीके से खरीदी की जाए, ताकि भीड़भाड़ न हो और नाप-तौल प्रक्रिया सुचारू चले। प्रभारी सचिव ने पंजीकृत किसानों की संख्या, रकबा, अनुमानित खरीदी, बारदाना उपलब्धता, तिरपाल, कैप कव्हर, स्टेकिंग व्यवस्था, ड्रेनेज सिस्टम, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल सुविधा, बैठने की व्यवस्था, छाया शेड, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

## डिप्टी सीएम विजय शर्मा व समर्थकों ने जिपं सभापति डॉ वीरेन्द्र साहू को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भाजपा के युवा नेता एवं जिला पंचायत कबीरधाम के सभापति डॉ. वीरेंद्र साहू का जन्मोत्सव सोमवार को उनके समर्थकों ने धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जन्मोत्सव का आयोजन श्री साहू के निवास में आयोजित किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों के प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने विशेष रूप से उपस्थित होकर डॉ. साहू को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। श्री साहू को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं देने उनके समर्थक सुबह से ही उनके निवास पहुंचने लगे थे और यह सिलिसला देररात तक चलते रहा। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने डॉ. साहू को दीर्घायु व निरंतर जनसेवा के लिए शुभकामनाएं दीं। इसके अलावा श्री साहू ने अपने जन्मदिन के मौके पर परिजनो के साथ स्थानीय वृद्धा आश्रम में वृद्धजनो को आवश्यक सामग्री भी वितरण की। कार्यक्रम के अंत में डॉ. वीरेंद्र साहू ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनसमर्थन और प्रेम ही उनके लिए सबसे बड़ी शक्ति है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा के नेता, कार्यकर्ता तथा श्री साहू के समर्थक उपस्थित थे।